हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, रविवार 21 दिसंबर 2025




## जिले के 44 मिलर्स ने अब तक जमा नहीं किया पिछले साल का 13 लाख क्विंटल चावल, 30 अप्रैल डेडलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान का कस्टम मिलिंग करने के बाद भी जिले के राईस मिलरों ने निर्धारित तारीख तक चावल जमा नहीं कराया है। जिले में अब भी 13 लाख क्विंटल चावल जमा कराना शेष है। 30 नवंबर तक चावल जमा कराने की अंतिम तारीख थी। हालांकि अब अवधि में इजाफा कर दिया गया है। अब अगले साल 30 अप्रैल तक मिलर्स को शेष चावल जमा करना होगा।

उल्लेखनीय है कि बीते सत्र में जिले के किसानों से 70 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। इन धान का कस्टम मिलिंग जिले के 90 राईस मिलरों द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा आसपास के जिले से भी धान का उठाव राईस मिलरों ने किया था। पिछले 10 महीने में लगभग 57 लाख क्विंटल चावल जमा राईस मिलरों ने कराया है। जबकि 13.22 लाख क्विंटल चावल जमा कराना शेष है। समय पर चावल जमा नहीं होने के चलते इस साल सरकार ने अब तारीख भी बढ़ा दी है। अब राईस मिलर 30 अप्रैल 2026 तक चावल जमा करा सकते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में दो दर्जन ऐसे राईस मिलर हैं, जिन्होंने 50 प्रतिशत से भी कम चावल नान व एफसीआई में जमा कराया है। इन राईस मिलरों को विभाग द्वारा अब फिर से नोटिस भेजी जाएगी।

### इस सत्र मिलिंग के लिए जिले के 69 मिलर्स का पंजीयन

**खास बातें**

- जिले में अब तक 49969 मीट्रिक टन का डीओ किया गया जारी
- 35128 मीट्रिक टन धान का ही अब तक उठाव
- उठाव सुस्त होने से केंद्रों में जाम



फाईल फोटो

### पिछले साल का 70% चावल जमा करने के बाद ही नया अनुबंध

जिले के खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले साल का चावल जिन राईस मिलर द्वारा अब तक जमा नहीं किया गया है, उन्हें चावल जमा करने कहा जा रहा है। वहीं पिछले साल के कोटे का 70 फीसदी या इससे अधिक चावल जमा कर चुके राईस मिलर्स का ही नए सत्र के लिए उठाव को लेकर अनुबंध किया जा रहा है। बताया गया कि जिन मिलर्स से 70 फीसदी से कम चावल अब तक जमा किया है, उनका पंजीयन नहीं किया जा रहा है। जिले में अब तक 69 मिलर्स का पंजीयन हो चुका है। जबकि जिले में ही लगभग 90 राईस मिलर्स हैं।


संजीवनी नर्सिंग होम

हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा

डॉ. जाहिद के. खान

MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)

सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर

- सीने में भारीपन
- उच्च रक्तचाप,
- ब्लड शुगर, • थायराइड
- चलने पर सांस फूलना,
- कंधों में जकड़न,
- धड़कन का कम या ज्यादा होना
- चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
- कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
- पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.

OPD 10 AM to 4.00 PM

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)


24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365


## राईस मिल में हादसा, एक मजदूर की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

चिचोला इलाके में स्थित एक राईस मिल में हादसा होने से यहां काम कर रहे एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं अन्य घायल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस घटना से यहां काम कर रहे लोगों में सनसनी फैल गई थी।

जानकारी के अनुसार चिचोला स्थित गुरूदेव राईस मिल में शनिवार की शाम चावल स्टोर होने वाला टापर चावल सहित नीचे आ गिरा। बताया गया कि इस दौरान नीचे मजदूर काम कर रहे थे। जिसमें मोतीपुर निवासी मुकेश कंवर दब गया था। जिससे उसकी मौत होने की खबर है। बताया गया कि चावल में अन्य मजदूर दब गए थे। जिसमें दो घायल हुए हैं। बताया जा रहा है घायलों को उपचार हेतु चिकित्सालय में भेजा गया है।



### विधायक मौके पर पहुंचे

राईस मिल में उक्त घटना होने से यहां काम करने वाले कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई थी। इधर घटना की सूचना मिलने पर विधायक भोलाराम साहू, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचकर हालात की जानकारी ली। घटनास्थल पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## अफसर मौन: शिकायत के बाद भी अवैध प्लाटिंग पर नहीं हो रहा एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर में कई जगहों पर अवैध प्लाटिंग करके जमीन बेचे जा रहे हैं। शहर के बीच लखोली क्षेत्र के दुर्गा चौक के समीप भी अवैध प्लाटिंग की जा रही है। बताया जा रहा है कि यहां लगभग 100 प्लाट काटे गए हैं। वहीं मुरूम की सड़क बनाकर प्लाट बेचा जा रहा है। इस अवैध कॉलोनी में एक मकान भी बनकर तैयार हो चुका है, जहां रोड और नाली की व्यवस्था भी नहीं है। लखोली क्षेत्र में हो रहे इस अवैध प्लाटिंग को लेकर बीते दिनों नगर निगम में शिकायत भी की गई है। इसके बाद भी यहां कार्रवाई नहीं की जा रही है। हालांकि शिकायत के बाद बीते दो-तीन दिनों से यहां पर काम बंद कर दिया गया है। आसपास के लोगों ने बताया कि यहां पर कई डंफर मुरूम लाकर सड़क बनाया गया है। इस अवैध प्लाटिंग में प्री-कास्ट बाउंड्रीवॉल भी कर घेराव किया जा रहा है। इस अवैध प्लाटिंग को लेकर शिकायतकर्ताओं ने खसरे पर प्रतिबंध लगाकर इसकी रजिस्ट्री रोकने की मांग की है, ताकि अवैध प्लाटिंग की खरीदी-बिक्री पर रोक लगाई जा सके।

### उखाड़ी नहीं गई सड़क

अवैध प्लाटिंग को लेकर शिकायत होने के बाद भी इस पर कार्रवाई नहीं हुई है। अब तक यहां बनाई गई मुरूम की सड़क भी नहीं उखाड़ी गई है। वही यहां पर किसी भी प्रकार का अवैध प्लाटिंग से संबंधित बोर्ड भी नहीं लगवाया गया है। कार्रवाई के अभाव में यहां पर ग्राहकों को अप्रुव कॉलोनी होने का झांसा देकर प्लांट बिक्री के लिए दिखाए जा रहे हैं।


आवश्यकता है

ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™

जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| | | |
|---|---|---|
| सेल्समैन | 1. खैरागढ़ 3 पद | 4. गण्डई 3 पद |
| | 2. जालबांधा 2 पद | 5. छुईखदान 3 पद |
| | 3. घुमका 2 पद | 6. साल्हेवारा 2 पद |

नोट :- आकर्षक वेतन, मोटर साइकिल अनिवार्य.

इंटरव्यू दिनांक 24/12/2025 स्थान-खैरागढ़

संपर्क स्थल : जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़

9977184777, 8120006476, 9406011166





## खबर संक्षेप

### नवपदस्थ प्राचार्य का अभिनंदन



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेन्दरी बन नवागांव में नव पदस्थ प्राचार्य पारख राम सुधाकर का गत दिनों समारोह आयोजित कर अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि श्री सुधाकर थे। अध्यक्षता बालाराम करसेल ने की। विशिष्ट अतिथि ऐसलाल, हेमलता पटेल, कोमलचंद आर्य, प्रवीण ठाकुर, निशा नेताम थे। प्राचार्य का शाला एवं संकुल परिवार ने आत्मीय सम्मान किया। अंत में आभार ज्ञापित चेतन साहू एवं संचालन चन्द्रभूषण साहू ने किया।

### गोविंदपुर मंडई 22 को

**लालबहादुर नगर।** गोविंदपुर में आगामी 22 दिसंबर को मंडई रखा गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए आकाशगंगा नाच पार्टी दाऊटोला का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम प्रमुख खिलावन साहू ने दी।

### उरईडबरी के पूर्व छात्र बने आरक्षक



**तुमड़ीबोड़।** संकुल स्त्रोत केंद्र उरईडबरी के पूर्व छात्र ललित कंवर, लोकेश ठाकुर एवं सतीश सिन्हा का आरक्षक के पद पर चयन हुआ है। चयन के बाद उन्होंने स्कूल पहुंचकर शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्हे सभी शिक्षकों ने बधाई दी। शाला के बच्चों को उनसे प्रेरणा लेने प्रेरित किया गया।

### जयंती समारोह 24 को भटगांव में

**घुमका।** भटगांव के जय स्तम्भ चौक सतनामी पारा में 24 दिसंबर को गुरु घासीदास की जयंती मनाया जाएगा। तालेश्वर गेंन्द्रे ने बताया कि दोपहर 2 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। शाम 4 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। रात्रि में सुरमई सुरगंगा रायपुर का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

### हिन्दू सम्मेलन 22 को तिलई में

**घुमका।** ग्राम पंचायत तिलई के मड़ई मैदान में 22 दिसंबर को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक परदेसी सोनबोइर एवं सह संयोजक पूनम देवांगन है। कार्यक्रम के तहत 12 से 3 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन एवं प्रवचन होगा। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विसराराम यादव होंगे। अतिथि वक्ता इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के पूर्व अध्यक्ष रामनारायण विश्वकर्मा एवं संस्कृत महाविद्यालय रायपुर की दिव्या देशपांडे होंगी।

### भाजपा कार्यालय का कांग्रेस ने किया घेराव




**डोंगरगढ़।** नेशनल हेराल्ड प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल मामला खारिज होने के बाद कांग्रेस ने केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग करने पर भाजपा कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी भी शामिल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि नेशनल हेराल्ड मामले में न्यायालय के निर्णय यह स्पष्ट हो गया कि सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को फंसाने का षड्यंत्र रचा गया था, लेकिन अंततः सत्य की विजय हुई।

---

### विचारपुर में आयोजित महापंचायत में उमड़ा जनसैलाब

# किसानों का संकल्प: जान दे देंगे पर उद्योगों को नहीं देंगे जमीन

## लालच में आकर दलालों को जमीन नहीं बेचने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

क्षेत्र में प्रस्तावित श्री सीमेंट खदान और अन्य परियोजनाओं के खिलाफ आंदोलन अब आरपार लड़ाई की स्थिति में आ गया है। शनिवार को ग्राम पंचायत विचारपुर के भाठा मैदान में किसान महापंचायत का आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों गांवों के हजारों ग्रामीण अपने घरों में ताला लगाकर परिजनों के साथ शामिल हुए। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि वह अपनी उपजाऊ त्रि फसलीय जमीन को किसी भी कीमत पर उद्योगपतियों के हवाले नहीं करेंगे। जानकारी के अनुसार महापंचायत के दौरान किसान अधिकार संघ ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 27 युवाओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर उपस्थित किसानों ने साफ शब्दों में कहा कि हम जरूरतमंदों के लिए रक्तदान कर रहे हैं, लेकिन आजीविका छिनने का प्रयास किया गया तो वह अपना खून बहाने से भी पीछे नहीं हटेंगे।



#### न पानी बचेगा और न जवानी

संडी के सरपंच कैलाश वर्मा ने बलौदाबाजार का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। पूर्व सरपंच कमल नारायण ने कहा कि पथरिया की तरह हमारा क्षेत्र भी बंजर हो जाएगा। राजकुमार जंघेल ने तर्क दिया कि यह क्षेत्र धन-धान्य से संपन्न है, इसे नष्ट करना आत्मघाती साबित होगा। संचालन श्रवण जंघेल ने किया। इस दौरान गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, कामदेव जंघेल, बलदाऊ जंघेल, राजू ठाकुर, विजय वर्मा, संजू चंदेल, अशोक जंघेल, दशमत जंघेल, उत्तम जंघेल, सौरभ जंघेल सहित हजारों क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

#### बनेगा संकट मोचन मंदिर

आंदोलन को संगठित रूप देने के लिए महापंचायत में स्थायी समिति गठन का निर्णय लिया गया, जिसमें सभी परिक्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। विचारपुर में संकट मोचन हनुमान मंदिर बनाने का संकल्प लिया गया। मंदिर के लिए सहयोग राशि देने की अपील की गई।

#### नेताओं का बहिष्कार

किसान नेताओं ने दो टूक कहा कि जब तक परियोजना रद्द नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। सुधीर गोलछा ने आह्वान किया कि गांव आने वाले हर नेता और अधिकारी से परियोजना रद्द कराने के संबंध में जवाब मांगा जाए।कामदेव जंघेल ने सवाल किया कि ग्रामसभा की अनुमति बिना खदान का रोडमैप कैसे तैयार हुआ? उन्होंने बताया कि शासन को किसानों के हित में कृषि आधारित उद्योग लगाना चाहिए। इस मौके पर किसान से प्रलोभन में आकर अपनी जमीन दलालों या कंपनी को नहीं बेचने की अपील की गई। इस दौरान साहू समाज, लोधी समाज, कोशरिया यादव समाज और पिछड़ा वर्ग महासभा ने अपना समर्थन दिया है, जिसके लिए किसान अधिकार संघ ने आभार जताया है।

---

# पुराने हॉस्पिटल में भी मिलेगी उपचार सुविधा

## सांसद पांडेय की सार्थक पहल




हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर असमंजस से जूझ रहे छुईखदान वासियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। नगर के पुराने हॉस्पिटल भवन में अब नियमित रूप से डॉक्टर बैठेंगे, जिससे स्थानीय लोगों को उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

इस संबंध में सांसद संतोष पांडे ने स्वास्थ्य मंत्री से संपर्क कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया, जिसके बाद सकारात्मक आश्वासन मिला है।

बताया जा रहा है कि पुराने हॉस्पिटल भवन की उपयोगिता को देखते हुए वहां चिकित्सकीय सेवाएं प्रारंभ करने पर सहमति बनी है। इस जानकारी की पुष्टि करते हुए भाजपा नेता प्रेम नारायण ने बताया कि सांसद द्वारा की गई पहल के बाद स्वास्थ्य विभाग ने पुराने हॉस्पिटल में डॉक्टर के बैठने की व्यवस्था करने का निर्णय लिया है जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और आपातकालीन मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

#### नया हास्पिटल शहर से दूर

गौरतलब है कि नया हॉस्पिटल नगर से दूर स्थानांतरित होने के बाद नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से मांग की गई थी कि पुराने हॉस्पिटल भवन को बंद न किया जाए। अब इस निर्णय के बाद उम्मीद की जा रही है कि छुईखदान के पुराने हॉस्पिटल में स्वास्थ्य सेवाएं फिर से शुरू होगी और लोगों का उपचार होगा। नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए सांसद संतोष पांडे के प्रयासों की सराहना की है।

---

# मंत्रियों से मिले ग्रामीण, समस्याओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

- मंत्रियों ने क्षेत्र के विकास का दिया आश्वासन
- ग्रामीणों ने रखी कई मांगें



गैंदाटोला में वर्षों से लंबित विकास एवं निर्माण कार्य को लेकर सराहनीय पहल जनसंघर्ष समिति ने की है। समिति की पहल पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनसेवक एकजुट होकर गत दिनों रायपुर गए और जनप्रतिनिधियों एवं मंत्रियों से सौजन्य भेंट कर समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल ने सड़क, प्रशासनिक व्यवस्था, शिक्षा, राजस्व एवं अन्य सुविधाओं को प्रमुखता से उठाया। मंत्रियों एवं वरिष्ठ नेताओं ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने, आगामी बजट में शामिल कर विकास कार्यों को गति देने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव से सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधि मंडल में विधायक भोलाराम साहू, एमडी ठाकुर, गीता घासी साहू, डॉ प्रकाश शर्मा, आत्माराम चंद्रवंशी, मनीष त्रिपाठी, पप्पू शर्मा, विष्णु साहू, महेश गुप्ता, खलील अहमद कुरैशी, कमल नारायण गुप्ता, ललित साहू, नरेंद्र मानिकपुरी, राजील कुरैशी, उमेश कंवर, एलडी देवांगन आदि शामिल थे।

# भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक 23 को

**डोंगरगढ़।** आगामी 23 दिसंबर को भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई है। बैठक के संबंध में शुक्रवार को शहर मंडल की बैठक आयोजित की गई जिसमें पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, शशिकांत द्विवेदी, जैनकुमार मेश्राम, सत्यप्रकाश मिश्रा, सुषमा कोठारी, सुरेंद्रसिंह बन्नोआना, प्रदीप बाघ, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुनील जैन चीकू, महेन्द्र अग्रवाल, शहर अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, अमित जैन, विनीत यादव, विनय बंसल, विजेंद्र ठाकुर, सुमित मिश्रा, अनिल सिन्हा, रवि यादव, सरफराज नवाज, नागेंद्र परिहार, अनिता इंदुलकर, भागवत नामदेव, अलका जैश सहारे, महेश सहारे, शुभम परिहार, जयेश सहारे, कन्हैया अग्रवाल, सावन टेम्बुरकर, ओमप्रकाश साखरे, आवेश निगम, लोकेश इंदुलकर, आकाश राजपूत आदि उपस्थित थे।

### मॉडल परीक्षा आयोजित


**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस कॉलेज में बी.एड. तृतीय सेमेस्टर की मॉडल परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा प्रभारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि मुख्य परीक्षा के पूर्व मॉडल परीक्षा का विशेष महत्व होता है। जिससे विद्यार्थियों के परीक्षा की तैयारी का आंकलन, छात्रों की कमजोरी की पहचान, परीक्षा के दबाव का अनुभव, परीक्षा की प्रक्रिया का अभ्यास हो जाता है। मॉडल परीक्षा का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के लिए तैयार करना, परीक्षा की तैयारी का मूल्यांकन करना है। जिससे छात्र परीक्षा के दबाव को कम कर सकते हैं और मुख्य परीक्षा में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाते हैं। प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने बताया कि मॉडल परीक्षा के परिणाम से छात्रों को अपनी तैयारी का आंकलन करने में मदद मिलेगी।

---

# मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण में छह में से चार शिक्षकों की लगी डयूटी

## 207 बच्चों को पढ़ाने बचे 2 शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



एसआईआर प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। एक प्रक्रिया को पूरी कर मुक्त हुए शिक्षकों की डयूटी पुनः लगाए जाने से स्कूलों में पढाई बाधित होने का संकट खड़ा नजर आने लगा है। शहर में संचालित अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक शाला के छह में से चार शिक्षकों की डयूटी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लगा दी गई है।

जानकारी के अनुसार उक्त स्कूल में कुल छह शिक्षक एवं एक प्रधान पाठक पदस्थ हैं, लेकिन चार शिक्षक तामेश्वर साहू, मोहन मिंज, नीतू चन्द्रवंशी और अलका सूर्यवंशी की एक साथ ड्यूटी लगा दी गई है। अब शाला के 207 विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए मात्र दो शिक्षक बचे है। सवाल यह है कि पांच कक्षा के बच्चों को दो शिक्षक कैसे पढ़ाएंगे।

#### बाधित होगी पढ़ाई

जानकारी के अनुसार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026 तक चलेगा। अब यह तय है कि परीक्षा के ठीक पहले एक महीने तक बच्चों की पढ़ाई नहीं होगी। जानकारी के अनुसार इससे पहले यहां के दो शिक्षकों की डयूटी एसआईआर में भी लगी थी। उल्लेखनीय है कि डयूटी के लिए सूची शिक्षा विभाग द्वारा निर्वाचन विभाग को मुहैया कराया जाता है।

#### पहले भी हो चुकी लापरवाही

निकाय चुनाव के दौरान शहर में निवासरत शिक्षकों की डयूटी अन्य निकाय क्षेत्र में लगा दिया गया था जिससे उनके मताधिकार से वंचित होने की नौबत आ गई थी। उन्हे डाक मतपत्र का उपयोग करने का आप्शन दिया गया था जिससे गोपनीयता भंग होने की आशंका बन गई थी।

#### स्कूल में सो जाता है शिक्षक

ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम बरसनटोला में पदस्थ शिक्षक के डयूटी में लापरवाही बरतने और स्कूल टाइम में टेबल में पैर रखकर सोने की शिकायत डीईओ और बीईओ से की गई है। ग्रामीणों के अनुसार शाला में पदस्थ शिक्षक अपनी मर्जी से आता जाता है। उसके आने जाने का समय निर्धारित नहीं है। ग्रामीणों की यह भी शिकायत है कि स्कूल टाईम में शिक्षक टेबल में पैर रखकर सो जाता है जिसकी तस्वीर भी ग्रामीणों खींच रखा है। ग्रामीणों ने शिक्षक के खिलाफ शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### क्रिकेट स्पर्धा 22 से

**अंबागढ चौकी।** ग्राम कोरचाटोला में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा 22 दिसंबर रखी गई है। प्रतियोगिता में ब्लाक की क्रिकेट टीमें शामिल होगी। स्पर्धा में विजेता को 11 हजार एवं उपविजेता को 7001 एवं तीसरे व चौथे स्थान में आने वाली टीमो को क्रमशः पांच हजार एवं चार हजार दिया जाएगा।

---

# गणित प्रश्नोत्तरी में पल्लवी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में 20 दिसंबर को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन की कड़ी में समन्वयक खेलन साहू ने गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जीवन परिचय एवं गणित की उपयोगिता को रेखांकित किया। प्राचार्य ने गणित का इतिहास, जीवन में योगदान एवं अध्ययन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। गणित प्रश्नोत्तरी में प्रथम पल्लवी यादव, द्वितीय लक्ष्मी साहू एवं तृतीय जितेंद्र साहू रहे। संचालन शुभि जैन ने किया । इस दौरान अतिथि व्याख्याता संजू सिंह, काव्या जैन, कंचन साहू, हेमलता विरदी, चंद्रकांत कुंभकार, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, ओमप्रकाश सहारे, मोनिश खान, हिमानी साहू, ज्ञानेश्वर देवांगन उपस्थित थे।

---

## अंबागढ़ चौकी में डयूस बाल क्रिकेट स्पर्धा 23 से


# तीन राज्यों की 10 टीमें भिड़ेंगी स्पर्धा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

पांच साल होने जा रही अंतर्राज्यीय डयूस बाल क्रिकेट स्पर्धा में श खिताब के लिए मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ की 10 टीमों के मध्य मुकाबला होगा। स्पर्धा का उदघाटन 23 दिसंबर एवं समापन 31 दिसंबर को होगा।

छग क्रिकेट संघ से मान्यता प्राप्त एवं जिला क्रिक्रेट संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाली क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन सृजन निकेतन सिटी क्लब के तत्वाधान एवं मार्निंग क्लब के सहयोग से रखाा गया है।

आयोजन समिति के केएस ठाकुर, नरेश यादव, बंटी यादव, रवि मिश्रा, पोषण सिन्हा, विमल यादव ने बताया कि आगामी 22 दिसंबर तक मैदान क्रिकेट खेलने के अनुरूप बन जाएगा।



#### यह टीमें होंगी शामिल

क्रिकेट प्रतियोगिता में 10 प्रमुख टीमें शामिल होगी जिसमें रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, भिलाई, राजनांदगांव , दुर्ग , बलौदाबाजार, भाटापारा, नागपुर एवं जबलपुर की टीमें हैं। रायपुर एवं भिलाई की दो- दो टीमों को प्रवेश दिया जाएगा। स्पर्धा में विजेता टीम को स्व. प्रभुनारायण खंडेलवाल एवं ओमप्रकाश खंडेलवाल की स्मृति में 51 हजार एवं ट्राफी तथा उपविजेता को स्व. लक्शीराम ठलाल व रूखमणी ठलाल की स्मृति में 35 हजार एवं ट्राफी दिया जाएगा। सभी मैन आफ द मैच का पुरस्कार स्व. हरीशंकर, राजकिशोरी एवं कौशल्या श्रीवास्तव की स्मृति में एक- एक हजार एवं ट्राफी दिया जाएगा। मेन आफ द सीरिज का पुरस्कार दीपक शर्मा की स्मृति में पांच हजार एवं ट्राफी के अतिरिक्त श्रेश्ठ बल्लेबाज, गेंदबाज, क्षेत्ररक्षक व विकेट कीपर का दो- दो हजार एवं ट्राफी दिया जाएगा।

---

# शार्ट सर्किट से बिजली मिस्त्री झुलसा

**छुईखदान।** स्थानीय तहसील कार्यालय के सामने स्थित होटल में शनिवार को हुए हादसे से बिजली विभाग की लापरवाही उजागर होकर सामने आ गई। इलेक्ट्रॉनिक मीटर बदलते समय अचानक हुए शॉर्ट सर्किट होने से निकली चिंगारी से बिजली मिस्त्री का चेहरा झुलसा गया। घायल कर्मचारी को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मीटर लगाने का काम अकेले मिस्त्री से बिजली सप्लाई चालू रहते कराया जा रहा था। पेंचिस का संपर्क विद्युत से होने के बाद शॉर्ट सर्किट हुआ और उससे निकली चिंगारी से चेहरा झुलस गया। घायल मिस्त्री की पहचान कमलेश वर्मा के रूप में हुई है, जो जैन होटल में मीटर बदल रहा था।



#### कर्मचारी अब ठीक

विद्युत वितरण कंपनी के जेई अमन ने कहा कि पेंचिस टकराने से हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि कर्मचारी अब ठीक है। लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बयान सिस्टम की लापरवाही पर पर्दा डालने वाला है।

## खबर संक्षेप



### डोंगेश्वर घाट में स्वच्छता अभियान

**गंडई पंडरिया।** शासकीय महाविद्यालय गंडई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने ग्राम जंगलपुर स्थित प्रसिद्ध डोंगेश्वर महादेव घाट मंदिर और आसपास के पर्यटन स्थलों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। 18 दिसंबर को आयोजित इस अभियान के माध्यम से छात्रों ने धार्मिक और पर्यटन स्थलों की गरिमा बनाए रखने का संदेश दिया। अभियान के दौरान एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने मंदिर परिसर, घाट क्षेत्र और आवागमन मार्गों पर फैले कचरे को साफ किया। स्वयंसेवकों ने न केवल कचरे का निस्तारण किया, बल्कि वहां मौजूद श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को प्लास्टिक के खतरों के प्रति आगाह भी किया। छात्रों ने स्वच्छ भारत–स्वस्थ भारत का नारा देते हुए लोगों से सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने की अपील की। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष आनंद पटेल, सचिव गणेशराम वर्मा और उपाध्यक्ष माखन जंघेल विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने छात्रों के श्रमदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।

### कलेक्टर ने धान खरीदी के मद्देनजर ली बैठक

# निर्भीक होकर कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

## अधिकारयों को कार्यों में गति लाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के मद्देनजर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों, समिति प्रबंधकों एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर की बैठक ली। उन्होंने कहा कि किसानों को एग्रीस्टेक में आने वाली दिक्कतों का प्राथमिकता से समाधान करें। एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का पंजीयन आवश्यक है। जिसमें कृषि भूमि का पंजीयन प्राथमिकता से कराना है। उन्होंने इस समस्या के निराकरण के लिए ऐसे किसान जिनका एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं हुआ है, उसकी सूची ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को देने कहा।

कलेक्टर ने मेढ़ा, मुरमुंदा सहित ऐसे स्थान जहां एग्रीस्टेक पोर्टल में तकनीकी समस्या आ रही है। उसके लिए समन्वय करते अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मेहनत एवं निष्ठापूर्वक उत्कृष्ट कार्य करें और फील्ड में निरीक्षण करते रहे। जिससे वस्तुस्थिति की जानकारी से अपडेट रहेंगे। उन्होंने कहा कि धान का अवैध परिवहन करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई जारी रखें तथा धान उपार्जन केन्द्रों की सतत मानिटरिंग करते रहे।

उन्होंने सभी से कहा कि निर्भीक होकर कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई करें तथा इसके संबंध में जानकारी देने कहा। उन्होंने कहा कि कोचियों एवं बिचौलियों की जानकारी देने वालों की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। जिससे स्टेकिंग सही तरीके से होगा तथा भौतिक सत्यापन अच्छे से होगा। उन्होंने समिति प्रबंधकों से कहा कि सजग रहते हुए ईमानदारी से कार्य करें।



### शुद्ध धान खरीदी प्राथमिकता होनी चाहिए

कलेक्टर यादव ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में शुद्ध धान खरीदी प्राथमिकता होनी चाहिए। किसानों को धान उपार्जन केन्द्रों में धान की बिक्री में दिक्कत नहीं होनी चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान होना चाहिए। कलेक्टर ने पटवारियों से कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि एवं आशंका होने पर तत्काल सूचना दें। धान उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव प्रारंभ हो गया है। निर्धारित नियमों के अनुरूप सर्तक एप के माध्यम से धान के उठाव की निगरानी की जा रही है। सभी आरईएओ बेहतर कार्य करें। धान की एंट्री, रकबा समर्पण, भौतिक सत्यापन एवं निरीक्षण के कार्य लगातार करते रहे। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए।

### उपार्जन केन्द्रों की सतत निगरानी करें

अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में सतत निरीक्षण करें, ताकि सही तरीके से स्टेकिंग एवं अन्य कार्य हो सकें। उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल अंतर्गत ऐसे किसान जो छूट गए है, उन्हें जोड़ने के लिए कहा। खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी ने कहा कि सर्तक एप के माध्यम से धान के उठाव का कार्य जारी है। एप के माध्यम से धान के उठाव के लिए वाहन का लोकेशन ट्रेस करने के साथ ही वास्तविक रूप से धान का उठाव एवं भौतिक सत्यापन की मानिटरिंग होगी। इस अवसर पर उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर एवं अन्य अधिकारी तथा सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# शीतकालीन अवकाश में 10वीं 12वीं के बच्चों की पढ़ाई होगी

- सालभर कोई मॉनिटरिंग नहीं, अब डीईओ का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे नतीजे लाने के नाम पर राज्य शिक्षा विभाग संचालक शिक्षा विभाग के आदेश के विरुद्ध शीतकालीन अवकाश को जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू ने निरस्त करने का अजीबो-गरीब फरमान निकला है।

आदेश के अनुसार 10वीं व 12वीं बोर्ड के विद्यार्थियों को कोर्स पूरा करने अध्यापन कार्य कराया जाएगा। जिसके लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों की छुट्टी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा रद्द कर स्कूल लगाने का फरमान जारी किया है। इस आदेश की माने तो पूरे शीतकालीन अवकाश में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के हाईस्कूल व हायर सेकंडरी स्कूलों में विशेष समय सारिणी बनाकर कोर्स पूरा करना है और गत 3 वर्षों के बोर्ड के प्रश्नपत्र का अभ्यास कराया जाना है। इस तुगलकी फरमान के अनुसार राज्य सरकार द्वारा घोषित अवकाश रद्द कर 10वीं व 12वीं बोर्ड के विद्यार्थियों को कोर्स पूरा करना है, तो स्कूल नियमित खोलना होगा।

### सिर्फ बोर्ड वाले बच्चों का कोर्स पूरा नहीं

स्कूल शिक्षा विभाग में नियमों के अनुसार बच्चों की सालभर का पाठ्यक्रम घोषित कर अध्यापन कराया जाता है। इस वर्ष बिना कोई व्यवधान के आखिर कितने हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों का पाठ्यक्रम अधूरा है। जिसके चलते पूरे जिले के स्कूली बच्चों का शीतकालीन अवकाश रद्द कर स्कूल लगाने वाला आदेश जारी किया गया है, क्या सिर्फ 10वीं व 12वीं कक्षाओं का ही कोर्स अधूरा है। नवमी व ग्यारहवीं कक्षाओं का क्या हालत है, इसकी पूर्ण जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को नहीं है।

### जारी किया गया निर्देश

परीक्षा की तैयारी के उद्देश्य से शीतकालीन छुट्टी में अध्यापन कराने का निर्देश जारी किया गया है।

- वाईडी साहू
डीईओ, मोहला-मानपुर-अं. चौकी

### स्कूल के समय में बदलाव नहीं

अधिक ठंड बढ़ने के कारण अविभाजित राजनांदगांव सहित राज्य के अधिकांश जिलों में स्कूल का समय बदला गया है, पर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला में अभी भी सुबह पाली के स्कूलों का समय सुबह 7.30 बजे ही है। ऊपर से अब शीतकालीन अवकाश में बच्चों को शासकीय अवकाश होने के बावजूद स्कूल बुलाने की तैयारी हो गई है। देखना होगा कि सालभर स्कूलों में मॉनिटरिंग करने वाले अधिकारियों की क्या जिम्मेदारी तय होती है।

# आवारा कुत्तों का प्रबंधन, विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जन-सुरक्षा, स्वास्थ्य संरक्षण और आवारा कुत्तों के प्रभावी प्रबंधन को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित अंतरिम आदेश के परिपालन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश पर जिले में व्यापक सतर पर कार्ययोजना तैयार कर उसे लागू किया गया है।

जिले के सभी ग्राम पंचायतों के माध्यम से अपनी क्षेत्रीय सीमाओं में स्थित सभी शासकीय व निजी शिक्षण संस्थान, अस्पताल, सार्वजनिक खेल परिसर, मिनी स्टेडियम, बस स्टैंड, डिपो सहित अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों का चिन्हांकन पूरा कर लिया गया है। इसके तहत चिन्हित परिसरों के प्रशासनिक प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे संबंधित पंचायतों के माध्यम से फेंसिंग, बाउंड्री वॉल, गेट व अन्य आवश्यक अधोसंरचना विकसित कर परिसरों को सुरक्षित बनाएं ताकि आवारा कुत्तों का प्रवेश व निवास रोका जा सके। वही इसके लिए प्रत्येक खेल परिसर, मिनी स्टेडियम, बस स्टैंड, शिक्षण संस्थान व अस्पताल के लिए एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जो परिसर के रख-रखाव, स्वच्छता, आवारा कुत्तों के प्रवेश व निवास की रोकथाम की दिशा मे 24 घंटे निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। परिसर मे नोडल अधिकारी का नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर और हेल्पलाइन नंबर प्रवेश द्वार पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है।

### कोर्ट के आदेश का परिपालन

कोर्ट के आदेश के परिपालन मे पशुधन विकास विभाग के मैदानी अमले के सहयोग से आवारा कुत्तों को तत्काल हटाने, नसबंदी, टीकाकरण कर निर्दिष्ट आश्रय स्थलों में व्यवस्थित करने और संबंध में समस्त अभिलेख संधारित करने कहा गया है। सभी चिन्हित परिसरों का तीन माह में एक बार निरीक्षण सुनिश्चित करने निरीक्षणकर्ता अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। पंचायत क्षेत्र में आयोजित होने वाले हाट-बाजार, मेला व अन्य आयोजनों में खाने-पीने की वस्तुओं के अपशिष्ट का वैज्ञानिक व सुरक्षित प्रबंधन सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि आवारा पशुओं का जमाव न हो। इसके अलावा पंचायत सीमा अंतर्गत राष्ट्रीय व जिला मार्गों से आवारा गोवंश सहित अन्य पशुओं को हटाकर निर्दिष्ट आश्रय स्थलों में भेजने की सतत कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए जिले के दोनों जनपद पंचायत खैरागढ़ व छुईखदान में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित कर निर्देशों के कड़ाई से पालन के आदेश दिया गया है। जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल द्वारा निरंतर निगरानी व मार्गदर्शन दिया जा रहा है ताकि आवारा कुत्तों से होने वाली घटनाओं की रोकथाम कर जन-सुरक्षा व स्वास्थ्य संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

## कलेक्टर ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का सम्मान

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों, समिति प्रबंधकों एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी छुरिया दीक्षा नंदेश्वर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सीतागोटा डिम्पल खापर्डे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कोकपुर शैलेश साहू, पटवारी छुरिया प्रशांत सिंह ठाकुर, पटवारी श्री घोघरे, आशीष साहू, पटवारी बम्हनी चारभाटा सोनम कोकिला, पटवारी घुपसाल डेविड भुआर्य, पटवारी राहुल कसेट, पटवारी हुकुमचंद महिलांग, समिति प्रबंधक जोब धनसिंग, समिति प्रबंधक गहिराभेड़ी बसंत, समिति प्रबंधक कुमर्दा मनकलाल साहू, डाटा एंट्री ऑपरेटर धान उपार्जन केन्द्र बोरतालाव भागचंद साहू, डाटा एंट्री ऑपरेटर धान उपार्जन केन्द्र गहिराभेंडी रिमन्त कुमार साहू, डाटा एंट्री ऑपरेटर धान उपार्जन केन्द्र जोब विनोद साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।



# पैरालीगल वॉलिंटियर गोलूदास हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रदर्शन व मूल्यांकन को लेकर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की बिलासपुर में आयोजित बैठक में प्राधिकरण संरक्षक व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिंहा ने पैरालीगल वालिंटियर गोलूदास साहू को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय के अग्रवाल, न्यायाधीश और उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति अध्यक्ष न्यायमूर्ति पार्थ प्रीतम साहू सहित अन्य न्यायाधीशों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में समाज के कमजोर वर्गों और कानूनी सेवा संस्थानों के बीच सेतु का काम कर रहे पैरालीगल वॉलिंटियर गोलूदास साहू को राष्ट्रीय लोक अदालत मे विवादों के सौहार्दपूर्ण निपटारे में पक्षों की सहायता करने उनके उत्कृष्ट योगदान और अथक प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया।




### महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष विजय कुमार होता व सचिव नीलेश जगदल्ला के मार्गदर्शन में पीएलवी गोलूदास साहू पूरे समर्पण, धैर्य और सामाजिक उत्तरदायित्व की गहरी भावना के माध्यम से न्याय तक पहुंच, कानूनी जागरूकता और शांतिपूर्ण विवाद समाधान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो उनकी सच्ची प्रतिबद्धता न्याय, समानता और कानूनी सेवाओं के ढांचे की सच्ची भावना और आदर्शों को दर्शाती है। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति रमेश सिंहा ने उन्हे प्रमाण पत्र प्रशंसा और कृतज्ञता के साथ, न्याय और सामुदायिक कल्याण के नेक कार्य में निरंतर सेवा को लेकर शुभकामना साथ प्रदान किया। उनकी उपलब्धि पर अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति डीजे मोहनी कंवर, सीजेएम निधि शर्मा, जेएमएफसी आकांक्षा खलखो ने बधाई दी है।

## एसबीआई ने प्रगतिशील किसान आयश सिंह को किया सम्मानित

- उल्लेखनीय योगदान के लिए स्मृति चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

भारतीय स्टेट बैंक शाखा द्वारा अन्नदाता उत्सव के अवसर पर ब्लाक के खैरबना निवासी प्रगतिशील किसान आयश सिंह बोनी को कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान स्वरूप स्मृति-चिह्न प्रदान कर देश की खाद्य सुरक्षा में किसानों की भूमिका को नमन किया गया।

एसबीआई शाखा प्रबंधक बीरेंद्र कुमार ने आयश सिंह को सम्मानित करते हुए कहा कि राष्ट्र की अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा की मजबूती किसानों की मेहनत से ही संभव है। बैंक किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि ऋण, वित्तीय परामर्श और विभिन्न बैंकिंग योजनाओं के माध्यम से निरंतर सहयोग कर रहा है। एसबीआई में कार्यरत वैभव यदु, भाजपा मंडल महामंत्री ऋषभ बघेल और युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनीश सिंह सहित अन्य अतिथियों ने किसान सम्मान को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया और कहा कि ऐसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि के प्रति सकारात्मक माहौल बनता है। सभी ने एसबीआई की इस पहल की सराहना करते हुए किसानों के प्रति सम्मान जताया।



# विक्टोरिया स्कूल में मना राष्ट्रीय गणित दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

छत्तीसगढ़ और जिला विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में पीएमश्री डॉ पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम प्रभारी और जिला समंवयक व्याख्याता संजय श्रीवास्तव ने बताया की गणित दिवस देश के महातनम गणितज्ञ रामानुजन के जन्म तिथि के उपलक्ष्य में पूरे देश भर में मनाया जाता है जिसके तहत जिले में रंगोली, चित्रकला प्रश्नोत्तरी और गणित पर व्याख्यान संबंधित प्रतियोगिता जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी के मार्गदर्शन में आयोजित की गई है। व्याख्याता श्रीस कुमार पांडेय व्याख्याता ने गणितज्ञ रामानुजन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए दैनिक जीवन में गणित के महत्व को बताया गया। व्याख्याता गणित डीडी टंडन ने गणित के सूत्रों को किस प्रकार से याद किया जा सकता है उस पर बच्चो को दिशा निर्देश दिया। व्याख्याता पी निषाद ने राष्ट्रीय गणित दिवस, गणित की उपलब्धि और उसमे कैरियर को लेकर जानकारी दी। प्राचार्य अनुराग सिंह जी ने गणित को लेकर अपने स्कूली जीवन के अनुभव को साझा करते हुए बताया की गणित याद करने का विषय नहीं बल्कि समझने का विषय है। इस दौरान प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया जिसमे 16 टीमों ने भाग लिया। चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता में भी विभिन्न विद्यालय से आए बच्चों ने सहभागिता निभाई। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने स्पर्धा में चयनित प्रतिभागियों को शुभकामना आभार प्रदर्शन व्याख्याता भौतिक शास्त्र बिष्णु दास जोशी ने किया। इस अवसर पर विभिन्न शाला से अध्यापक व प्रतिभागी बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद थे।




### राजाओं की स्मृति से जुड़े समाधि स्थल गंदगी और अपमान का शिकार


# राजसी शान जिंदा, पूर्वजों की समाधि उपेक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

नागवंशी राजाओं की रियासत की ऐतिहासिक विरासत को लेकर चौंकाने वाला और असहज करने वाला सच लोगों को दिख रहा है, लेकिन इच्छाशक्ति की कमी के चलते इस मामले के निदान को लेकर कोई सामने नही आ रहा है। जिन राजाओं ने खैरागढ़ को कला, संस्कृति और शिक्षा के वैश्विक मानचित्र पर स्थापित किया, उन्हीं की स्मृति से जुड़ा समाधि स्थल आज बदहाली, गंदगी और अपमान का शिकार है।

सबसे अहम तथ्य यह है कि यह समाधि स्थल न तो नगर पालिका की संपत्ति है और न ही इंदिरा कला संगीत विवि के अधीन बल्कि सीधे तौर पर राजपरिवार की निजी संपत्ति है। खुलासा यह है कि जिस संपत्ति की देखरेख की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी स्वयं राजपरिवार की है, वही राजपरिवार सालों से इसे उपेक्षा के हवाले छोड़ चुका है। तीन सौ साल पुराने समाधि स्थल में झाड़ियां उग आई हैं, कूड़े-कचरे का ढेर लगा है, होटल का गंदा पानी परिसर में बजबजा रहा है और हालात इतना बदतर हैं कि आमजन इसे खुले शौचालय के रूप में इस्तेमाल करने लगे हैं।

राजपरिवार मुक्तिधाम की यह स्थिति केवल लापरवाही नहीं, बल्कि अपने ही पूर्वजों की स्मृति के साथ खुला अपमान है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वर्तमान राजपरिवार के सदस्य सुविधाभोगी जीवन में मशगूल हैं। महंगी गाड़ियां, शाही ठाठ और सार्वजनिक आयोजनों में उपस्थिति तो दिखती है, लेकिन पूर्वजों की समाधि के संरक्षण के लिए न कोई योजना है न नियमित देखरेख और न ही जवाबदेही। यह विरोधाभास खैरागढ़ में चर्चा और आक्रोश का विषय बन चुका है।



### परंपरा को राजपरिवार कर रहा खत्म

गौरतलब है कि जिस राजपरिवार ने कभी राज महल दान कर इंदिरा कला संगीत विवि की स्थापना कराई और त्याग की मिसाल पेश की उसी परंपरा को आज का राजपरिवार खुद ही कमजोर कर रहा है। सवाल सीधा और तीखा है क्या विरासत सिर्फ नाम और रुतबे तक सीमित है या फिर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी किसी पर आती है। मामला अब सिर्फ एक बदहाल समाधि स्थल का नहीं बल्कि खैरागढ़ की सांस्कृतिक आत्मा और ऐतिहासिक सम्मान से जुड़ा गंभीर प्रश्न बन चुका है हालांकि सालभर पहले निर्मल त्रिवेणी अभियान ने इसका रंगरोगन करके पुराना वैभव वापस लौटाने का प्रयास किया था, लेकिन अगर समय रहते राजपरिवार ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई तो यह खुलासा आने वाले दिनों में और बड़े विवाद का रूप ले सकता है।

# शिरोमणी गुरु घासीदास महान संत व समाज सुधारक थे : विक्रांत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

ब्लॉक के टेकापार कला में संत शिरोमणि गुरु घासीदास की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत संत शिरोमणि गुरु घासीदास के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ की गई। अतिथियों ने संत के विचारों और उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संत गुरु घासीदास ने समाज को मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर सामाजिक समरसता की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि संत के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में भाईचारा, समानता और शांति स्थापित की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिनमें भजन एवं गीत के माध्यम से संत के जीवन दर्शन को दर्शाया गया। इस अवसर पर जिपं सदस्य प्रतिनिधि नरेश कुर्रे, संतोष वर्मा, अशोक वर्मा, हेमलाल वर्मा, भागी वर्मा, दुर्गा वर्मा, रामकुमार वर्मा, रामचंद वर्मा, चंद्रेश वर्मा, दीनू नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### लोधी प्रीमियर लीग का समापन आज

**राजनांदगांव।** हाईस्कूल मैदान तुमड़ीबोड़ में आयोजित लोधी प्रीमियर लीग का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह कल 21 दिसंबर को शाम 4 बजे होगा। आयोजन समिति के प्रमुख इंजी. सितेश वर्मा, अगबर वर्मा, नवीन वर्मा, रूपेंद्र वर्मा ने बताया कि लोधी प्रीमियर लीग के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि नेहरूराम निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छत्तीसगढ़ शासन होंगे। इस अवसर पर घनश्याम वर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि उत्तमचंद जंघेल अध्यक्ष जिला लोधी समाज राजनांदगांव, कमलेश्वर वर्मा पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज, कोमल सिंह राजपूत अध्यक्ष जिला भाजपा राजनांदगांव, चैनदास जंघेल अध्यक्ष लक्ष्य संगठन, गुलाब वर्मा संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज, एफआर वर्मा जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम, पुरुषोत्तम वर्मा अध्यक्ष सर्किल लोधी समाज डोंगरगांव प्रमुख उपस्थित रहेंगे।

### सनसिटी परिसर में आज सुंदरकांड पाठ

**राजनंदगांव।** श्री सुंदरकांड महोत्सव की 20वीं माला का 108वां अर्थात 2160वां सुंदरकांड पाठ सनसिटी परिवार के तत्वावधान में कल 21



दिसंबर को सन सिटी परिसर के बास्केटबाल ग्राउंड प्रांगण में संपन्न होगा। श्री श्याम के दीवाने, हनुमान भक्तों एवं सन सिटी परिवार के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा, सचिव दिलीप गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष राजेश डागा, वरिष्ठ सदस्य अतुल चोपड़ा, अशोक अग्रवाल, गोविंद मलानी, राजेश गुप्ता अग्रहरि, राहुल अग्रवाल, मनीष सहिता सहित कीर्ति भोजानी, कुणाल विशाल शर्मा, लालू सांखला के अनुसार श्री सुंदरकांड महोत्सव की 20वीं माला का 108वां पाठ 108 भक्त जोड़ों के साथ 21 दिसंबर को सनसिटी परिवार के संयोजकत्व में आयोजित है।

### कौरिनभाठा में गीता जयंती महोत्सव आयोजित

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी एवं दुर्गाप्रसाद तिवारी ने बताया कि गत दिनों अखिल



भारतीय पुजारी पुरोहित संघ राजनांदगांव द्वारा कौरिनभाठा में गीता जयंती महोत्सव आयोजित किया गया। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने कहा कि गीता वेद पुराण एवं उपनिषद् आदि का सार है। 25 दिसंबर को सभी सनातनी हिन्दू माताओं-बहनों से निवेदन है कि सभी मिलकर तुलसी माता की जयंती धूमधाम से मनाया जाना सुनिश्चित करें। मंदिरों में तुलसी माता की जयंती 25 से 31 दिसंबर तक तक धूमधाम से मनाई जाएगी। उक्त जानकारी वैभव निर्वाणी एवं दुर्गा प्रसाद तिवारी ने दी।

### साल्हे में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा आयोजित

**राजनांदगांव।** मोहला-मानपुर जिले के ग्राम साल्हे में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में



विद्यार्थी, शिक्षक एवं ग्रामीणों की सहभागिता देखने को मिली। मुख्य अतिथि मोहला-मानपुर-अं. चौकी की जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह उपस्थित रही। इस अवसर पर नम्रता सिंह ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़ने प्रेरित किया और कहा कि ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच देना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में राजेश पारोटी, फागूराम नेताम, ईश्वर दखने, रामदास कीचक, शेखनाबी, नारायण कोरेटी, तानुराम कोरेटी, शीलाबाई, सुवेंद्र चंद्रवंशी, चंदभागी वालेदेकर समेत ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा अतिथियों, शिक्षकों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया गया।

### गुरू घासीदास जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गुरू घासीदास जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गुरू



घासीदास के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्जवलन के साथ की गई। जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। एनएसएस प्रभारी विजय मानिकपुरी ने कहा कि "गुरु घासीदास के विचार केवल इतिहास नहीं, बल्कि आज के युवाओं के लिए जीवन पथ प्रदर्शक है। आयोजन के माध्यम से हम इन मूल्यों को विद्यार्थियों के आचरण में विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं।" इस अवसर पर गुरु घासीदास के जीवन, विचारों एवं सामाजिक योगदान पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में यज्ञ, चंदन, प्रेरणा, वैशाली भारती सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने गुरू घासीदास के "मनखे-मनखे एक समान" के संदेश, सामाजिक समानता, सत्य, अहिंसा और मानवता के मूल्यों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने वक्तव्यों के माध्यम से समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करने और समरस समाज के निर्माण का संदेश दिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि "गुरु घासीदास का जीवन सत्य, समानता और सेवा का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, नैतिक मूल्यों और जिम्मेदारी की भावना सुदृढ़ होती है।" कार्यक्रम का समापन गुरू घासीदास के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने के संकल्प के साथ किया गया।

### परजा के निधन पर अधिकारी-कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** जनसंपर्क विभाग राजनांदगांव में पदस्थ रहे तत्कालीन सहायक ग्रेड-1 विदेशीलाल परजा के आकस्मिक निधन पर जिला



जनसंपर्क विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। उल्लेखनीय है कि सहायक ग्रेड-1 विदेशीलाल परजा जिला जनसंपर्क कार्यालय राजनांदगांव में लगभग 8 वर्ष तक कार्यरत रहे। उन्होंने कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण के साथ विभाग को अपनी सेवाएं दी। अपने सरल एवं मिलनसार स्वभाव के कारण सभी के साथ उनका समन्वय एवं सहयोग रहा। विगत कुछ माह पहले उनका स्थानांतरण जनसंपर्क संचालनालय नवा रायपुर हुआ था। उनका परिवार रायगढ़ में निवासरत है। उनके अस्वस्थ होने पर रायपुर के निजी चिकित्सालय में उनका इलाज चल रहा था।



**राजनांदगांव।** प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिवस के परिप्रेक्ष्य में शनिवार को मसीही समुदाय द्वारा क्रिसमस रैली निकाली गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिकगण उपस्थित थे।

### ग्रामीणों को जानकारी देने लगाया गया स्टॉल

# मडियान शिविर में शामिल हुए 24 पंचायतों के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मडियान में शिविर का आयोजन किया गया। जिले में सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर 2025 के अंतर्गत शिविर आयोजित किया जा रहा है।

शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा किया जा रहा है। शिविर में 24 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी देने एवं लाभान्वित करने के उद्देश्य से स्टॉल लगाया गया। जिसमें कुल 93 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 35 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग ने गोदभराई और अन्नप्राशन का कार्यक्रम आयोजित किया। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वच्छताग्राही महिलाओं और मितानिनों का सम्मान किया गया। स्वच्छताग्राही ने गांवों में स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्र मर्यादित बैंक राजनांदगांव उपाध्यक्ष भरत वर्मा, जिला पंचायत राजनांदगांव सदस्य अनिता मंडावी, सरपंच ग्राम पंचायत मडियान, कारूटोला, मोहनपुर, पीपरखारकला, कोटनापानी, एसडीएम एम. भार्गव, सीईओ भगवती साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



#### कृषकों को मिनी कीट का वितरण

शिविर में विद्युत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा फसलचक्र परिवर्तन तथा राजस्व विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा विभाग में संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड एवं कृषि विभाग द्वारा मिनी कीट का वितरण किया गया।

### हिंदू जागरण मंच ने मनाई जयंती



**राजनांदगांव।** परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की जयंती अवसर पर डोंगरगढ़ के ग्राम बधियाटोला में हिंदू जागरण मंच द्वारा श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मनखे-मनखे एक समान जय सतनाम जैसे गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर संत गुरु घासीदास बाबा को नमन किया गया तथा माल्यार्पण कर श्रद्धा अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि संत गुरु घासीदास बाबा ने समाज को समानता, सत्य और मानवता का मार्ग दिखाया। उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर ही समाज में एकता, समरसता और भाईचारे की भावना को मजबूत किया जा सकता है। मंच ने कहा कि संत गुरु घासीदास बाबा समस्त हिंदू समाज के लिए पूजनीय है और उन्हें भगवान स्वरूप माना जाता है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही देश को समृद्ध, सशक्त और समानता युक्त बनाया जा सकता है। संतों के सम्मान में पुष्प वर्षा कार्यक्रम के दौरान हिंदू जागरण मंच द्वारा पुष्प वर्षा कर संतों का सम्मान किया गया। उपस्थित जनसमूह ने संत गुरू घासीदास बाबा के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच से विशाल सुराणा, अभिषेक अग्रवाल, निखिल शर्मा, राजेश चौहान, सचिन सोनकर, जय मेश्राम, अजय शर्मा, सविता दरगड, अलका सहारे, लक्ष्मी यादव, सुलभा सिंह, उमरावती शाह सहित बड़ी संख्या में मंच के कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। उक्त जानकारी हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक सुशील लड्ढा ने दी।

## शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहीद लेफ्टिनेंट अरविंद शंकर दीक्षित की शहादत दिवस पर शहर के कस्तूरबा महिला मंडल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कान्यकुब्ज सभा एवं कैडेट क्लब द्वारा आयोजित इस सभा में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट, पुलिस और सेना के जवनों सहित स्थानीय लोगों ने पहुंचकर पुष्प अर्पण करते उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पश्चिम वीर चक्र से सम्मानित लेफ्टिनेंट अरविंद शंकर दीक्षित ने 105 इंजीनियर्स रेजीमेंट का प्रतिनिधित्व करते जम्मू-कश्मीर के राजौरी सेक्टर में बारूदी सुरंगों को निष्क्रिय करने के प्रयास में 20 दिसंबर 1971 को जम्मू कश्मीर के राजौरी सेक्टर में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था।

#### सेना ने दी सलामी

शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रगान पश्चात शहीद लेफ्टिनेंट अरविंद शंकर दीक्षित के तैलचित्र पर स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं 105 इंजीनियर्स रेजीमेंट की ओर से पुष्पचक्र अर्पित कर सलामी दी गई। इस दौरान प्रार्थना सभा, जीवन परिचय एवं अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात सेना व पुलिस द्वारा मौन श्रद्धांजलि दी गई।

#### 26 वर्षों से हो रहा आयोजन

कार्यक्रम को लेकर कान्यकुब्ज सभा के सचिव अजय शुक्ला ने बताया कि लेफ्टिनेंट शहीद अरविंद शंकर दीक्षित की शहादत दिवस पर विगत 26 वर्षों से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में शामिल होकर सभी अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

### सर्वेक्षण 31 तक करने आयुक्त ने लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार निगम सीमा क्षेत्र के पथ विक्रताओं का सर्वेक्षण, प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर, आत्मनिर्भर निधि-पीएम स्व निधि योजना के हितधारकों (वेंडर्स) की पहचान एवं ऑनलाइन आवेदन 31 दिसम्बर तक कराया जाना है। उक्त कार्य समय-सीमा में कराने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स के सम्पूर्ण सर्वेक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी का दायित्व राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी को सौपा गया है तथा राजस्व निरीक्षक हितेश ठाकुर एवं सिटी मिशन प्रबंधक मोनिका वराडे को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। सहायक नोडल अधिकारी सर्वेक्षण दल से सर्वेक्षण फार्म प्राप्त कर डाटा एंट्री कराना व दैनिक प्रगति प्रतिवेदन गुगल फार्म में प्रतिदिन दर्ज कराने का कार्य करेंगे। आबंटित वार्डो के सर्वेक्षण दल का पर्यवेक्षण, निरीक्षण करने तथा वार्डों में पथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण, वेंडर्स की पहचान एवं ऑनलाइन आवेदन कराने कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है।

## हॉकी खिलाड़ियों का मुम्बई बिलासुपर व रायपुर में चयन



**राजनांदगांव।** खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही नौरिन हयात अंसारी का चयन एनसीओई मुंबई के लिए किया गया है। जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता ने बताया कि नौरिन हयात अंसारी विगत 4 वर्षों से खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव में प्रशिक्षण प्राप्त करते जिला हॉकी संघ राजनांदगांव और छत्तीसगढ़ हॉकी का प्रतिनिधित्व करते आ रही है। नौरिन राउरकेला (ओडिशा), सिकंदराबाद (तेलंगाना ), रांची (झारखंड) राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ हॉकी की ओर से शामिल हुई है।

खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव के कोच शकील अहमद ने बताया कि नौरिन हयात शुरूआती दौर से ही गोलकीपर में शानदार खेल का प्रदर्शन करते अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की और शानदार खेल के बदौलत आज मुंबई एनसीओई में अपनी जगह बनाई है। इसके साथ ही पूर्व में खेलो इंडिया सेंटर के गुलशन यादव, सेल एकेडमी राउरकेला तथा हिमांशु मलिक, योगेश मेश्राम, राशि मांडवी, ओम यादव का चयन खेलो इंडिया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बिलासपुर तथा पूनम देवांगन, श्रेया देवांगन, दीपांशी सेन का स्पोर्ट्स हॉस्टल रायपुर में चयन हुआ है। चयनित सभी खिलाड़ी छत्तीसगढ़ हॉकी की ओर से खेलते हुए राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आ रहे हैं। चयनित खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव के एनआईएस कोच शकील अहमद से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उक्त खिलाड़ियों की उपलब्धि पर जिला हॉकी संघ अध्यक्ष फिरोज अंसारी, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, नीलम जैन, भूषण साव, कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, शकील अहमद, प्रकाश सांखला, ज्ञानचंद जैन, आशा थॉमस, प्रिंस भाटिया, महेंद्र ठाकुर, गुणवंत पटेल, रणविजय प्रताप सिंह, तीरथ गोस्वामी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी, अनुराज श्रीवास्तव, रामावतार जोशी, गणेश प्रसाद शर्मा, कुमार स्वामी, बबीता लिलहारे, आशीष सिन्हा, दिग्विजय श्रीवास्तव, मुकेश जायसवाल, कमल चौरसिया, सचिन खोबरागड़े, योगेश द्विवेदी, अभिनव मिश्रा, किशोर धीवर, तौफीक अहमद, राजेश निर्मलकर, सुखदेव निर्मलकर, चंदन आदि ने शुभकामनाएं दी।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के मार्गदर्शन में जिला राजनांदगांव द्वारा 19 दिसंबर को गांधी सभागृह राजनांदगांव में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य समेत पूनम बिराज, रेखा पदम की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री राजपूत ने कहा कि सरकार ने युवाओं को बढ़ाने कई अवसर प्रदान कर रहे है। जिसमें एक पहल युवा उत्सव भी है, इसे हम स्वामी विवेकानंद के याद में मनाते हैं। यह अवसर आज के युवाओं को मिल रही है। जिला स्तरीय युवा उत्सव में आए सभी प्रतिभागी बेहतर प्रदर्शन कर चयनित होकर आगामी दिनों बिलासपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते श्री अंसारी ने प्रतिभागियों का स्वागत करते कहा कि युवा उत्सव के आयोजन से युवा को अपनी कला संस्कृति और प्रतिभा दिखाने मंच प्रदान करना है। युवा उत्सव में प्रतिभागियों को प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सुदेश यादव, संतोष यादव, सुरेन्द्र साहू, संजू नागदेव, ईश्वर मेश्राम, पुनाराम यादव, पंकज सोलंकी, ललित मानकर, महेश्वर साहू, रितेश देवांगन, पंचशीला सहारे ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी राजकुमार नंदेश्वर, रोशन वर्मा, भूपेश यदु, शैलेन्द्र तिवारी, उमेश दास वैष्णव, प्रेरणा राणे, उमेश साहू, हेमंत साहू, दिलीप निषाद, राजाराम साहू, रूपेंद्र साहू, कलाराम साहू, पुनेश्वर मांडवी, मनोज साहू आदि उपस्थित थे। कायक्रम का संचालन सुरेन्द्र साहू तथा ए. एक्का सहायक संचालक ने आभार व्यक्त किया।



#### चारों संभाग से 250 प्रतिभागी ले रहे हिस्सा

ए. एक्का सहायक संचालक ने बताया कि विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी राजनांदगांव में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इस युवा उत्सव में चारों संभागों से कुल 250 प्रतिभागी भाग ले रहे है। प्रतियोगिता में लोकनृत्य, लोकगीत, पंथी, सुआ, राउत नाचा, एकांकी, चित्रकला, कहानी लेखन, कविता लेखन, वाद-विवाद, पारंपरिक वेशभूषा, नवाचार जैसे प्रतियोगिता शामिल है। कार्यक्रम का समापन फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, कविता वासनिक, राजेंद्र लाल यादव की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## आलीखूंटा में शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम आलीखूंटा रानीतराई में 17 से 23 दिसंबर तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन 17 दिसंबर को सरपंच चमेली साहू की उपस्थिति तथा रासेयो समन्वयक डॉ. जितेन्द्र कुमार दीवान एवं डॉ. अंजली अवधिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

रामकुमारी धुर्वा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते बताया कि शिविर में कुल 45 छात्राएं भाग ले रही हैं। उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष की थीम के अनुरूप छात्राएं नशामुक्ति को लेकर नाटक, गीत तथा डोर-टू-डोर अभियान के माध्यम से जनजागरूकता का कार्य करेंगी। प्राचार्य ने शिविर की उपयोगिता और सामाजिक दायित्व पर प्रकाश डाला तथा पूर्ण समर्पण भाव से सहभागिता करने प्रेरित किया।



सरपंच चमेली साहू ने शिविर के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते अपने गांव को शिविर हेतु चयनित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। सभा में उत्तम साहू ने छात्राओं से अपेक्षा जताई कि वे शिविर के माध्यम से गांव के लोगों को सकारात्मक संदेश और अच्छी यादें देकर जाएगी। समापन उद्बोधन में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के रासेयो समन्वयक डॉ. जितेन्द्र दीवान ने राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यप्रणाली एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते छात्राओं को सेवा, अनुशासन और सामाजिक सरोकारों से जुड़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. नीता एस. नायर सहित अन्य अतिथियों ने शिविर के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।


राजनांदगांव युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष
मोनू बहादुर सिंह को
भाजपा युवा मोर्चा के
प्रदेश मंत्री बनने पर
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं...
विनीत - भारतीय जनता युवा मोर्चा राजनांदगांव

## सार समाचार

### सेमेस्टर की लिखित व प्रायोगिक परीक्षा आयोजित

**राजनांदगांव।** चक्रधर कथक कल्याण केन्द्र संगीत महाविद्यालय सांकरा राजनांदगांव में प्रथम सेमेस्टर की लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षाएं इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के निर्देश एवं मार्गदर्शन में आयोजित की गई। परीक्षा में छात्र-छात्राएं उत्साह के साथ शामिल होकर



अपने विषयों की पांरपरिक वेशभूषा पोशाक में उपस्थित होकर परीक्षाएं दी। लोक संगीत के छात्र-छात्राओं ने गायन नर्तन के साथ सुआ, नृत्य, राऊत नाचा के छत्तीसगढ़ी लोक शैलियों की सुंदर प्रदर्शन किया तथा कथक नृत्य के विद्यार्थियों ने पांरपरिक पोशाक मेकअप तथा आभूषणों के साथ प्रस्तुति दी। परीक्षा में आमद तोडा तुकडा तिहाई ताल (प्रारंभिक ताल पर ज्ञान) की बेसिक समक्ष की भी जांच की गई। वही हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन में छात्र-छात्राओं ने स्वर, राग और ताल पर अपनी परीक्षा दी। परीक्षा उपरांत विषय विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को उनके विषयों पर मूल्यांकन किया। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा द्वारा नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत प्रथम सेमेस्टर की सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न की गई। जिसके लिए छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

### विकास नगर में गीता जयंती महोत्सव आयोजित

**राजनांदगांव।** लखोली विकास नगर स्थित शिव धाम मंदिर में अखिल भारतीय पुजारी व पुरोहित संघ द्वारा भव्य गीता जयंती महोत्सव कार्यक्रम



का आयोजन किया गया। संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी एवं हलधर दास वैष्णव ने बताया कि लखोली विकास नगर स्थित शिवधाम मंदिर में गीता जयंती महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी, प्रदेश सचिव डोमन दास वैष्णव, जिला प्रभारी निखिल वैष्णव, जिला संयोजक विवेक त्रिपाठी, उपाध्यक्ष आकाश शर्मा शामिल थे। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक निखिल वैष्णव, जिला संयोजक विवेक त्रिपाठी, संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी, प्रदेश सचिव डोमन दास वैष्णव व आकाश शर्मा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन युगल वैष्णव व अभिषेक चौबे ने किया।

इस दौरान देवकुमार निर्वाणी, आकाश शर्मा, डोमन दास वैष्णव, निधि वैष्णव, भोला दास वैष्णव, चंद्रलेखा शर्मा, रीना मंत्री, रीता मिश्रा, अश्विनी शिवारे, कोमन बरैया, यामिनी वैष्णव, प्रतिभा साहू, अभिषेक मिश्रा, दिलीप मंत्री, सरोजिनी श्रीवास्तव समेत अन्य लोग शामिल थे। उक्त जानकारी अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी एवं दुर्गा प्रसाद तिवारी ने दी।

### आज राजपूत क्षत्रिय महासभा की बैठक

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा उपसमिति राजनांदगांव की समाान्य सभा की बैठक कल 21 दिसंबर को दोपहर 2 बजे महाराणा प्रताप मंगल भवन दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव में रखी गई है। जिसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह चंदेल करेंगे। उक्त जानकारी केन्द्रीय मीडिया सेल प्रमुख ठा. आदर्श सिंह ने दी।

### बैंक अध्यक्ष बघेल को दी बधाई

**राजनांदगांव।** वृहताकार सेवा सहकारी समिति पंजीयन क्रमांक 121 के प्राधिकृत अधिकारी नेपाल साहू एवं सोमनी भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री



रमन सिंह राजपूत समेत भाजपा के वरिष्ठ नेता नर्मदा पांडेय, राजेश बंजारे व गौकरण बंजारे ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल से मुलाकात कर बधाई दी।

### आज बिलासपुर में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन

■ राजनांदगांव की टीम बिलासपुर रवाना

**राजनांदगांव।** बहतराई स्टेडियम बिलासपुर में कल 21 दिसंबर को सुबह 7 बजे से होने वाली क्रॉस कंट्री दौड़ के लिए राजनांदगांव जिला एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन की टीम शनिवार शाम जनशताब्दी एक्सप्रेस से रवाना हो गई।

उक्त जानकारी देते जिला एथलेटिक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता 2025-26 बहतराई स्टेडियम बिलासपुर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में पुरूष वर्ग में अनिल कुमार साहू, छतराम विके, अंडर-20 तुषार कुमार साहू एवं महिला वर्ग में कुमारी साक्षी यादव राजनांदगांव, निशा साहू पारीकला, रोशनी यदु राजनांदगांव, मानसी साहू भेड़ीकला, नमिता यादव राजनांदगांव, अंडर-20 केमेश्वरी साहू बिरझेर, अंडर-18 चेष्टा जंगल, अंडर-16 काजल निषाद सुंदरा, कीर्ति साहू सुंदरा तथा टीम के कोच कामता प्रसाद यादव (एनआईएस) छत्तीसगढ़ पुलिस होंगे।

छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव रणविजय प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष विवेक शुक्ला, कोषाध्यक्ष राजेंद्र यादव, अतुल चोपड़ा, जिला खेल अधिकारी अनिल सिंह गौतम, देवेंद्र सिंह ठाकुर, प्रकाश साथिया, विश्वेंद्र प्रताप सिंह, अंकित सिंह चौहान, आशीष साहू, शैलेंद्र तिवारी, राजाराम देवांगन, तीरथगिरी गोस्वामी, डॉ. ममता गुप्ता, ममता मोर्य, सोमू प्रसना, शीतल साहू, झम्मन देवांगन, राजू वैष्णव, प्रमोद अब्राहम, हेमंत वैष्णव, सुरेंद्रदास वैष्णव, सावन वर्मा, पारस वर्मा, अरुण शुक्ला, फिरोज अंसारी, योगेश द्विवेदी, अभिनव मिश्रा, कृष्णा यादव, अनुराज श्रीवास्तव ने टीम को शुभकामनाएं दी।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## जिला प्रशासन के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि विभाग सतर्क

# शहर में नकली पनीर की हो रही सप्लाई, दूध और खोवा भी मिलावटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला प्रशासन के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा शुक्रवार को पनेका के रौनक इंटरप्राईजेस में छापामार कार्रवाई कर करीब साढ़े चार सौ किलो नकली पनीर जब्त किए जाने के बाद शहर में खलबली मची है। पिछले लंबे समय से चल रहे इस कारोबार से लोगों की सेहत पर सीधा असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। इधर इस कार्रवाई के बाद शहर के विभिन्न स्थानों पर मिलावटी दूध की बिक्री किए जाने की शिकायतें भी सामने आ गई है।

उल्लेखनीय है कि शहर में पिछले लंबे समय से दुग्ध उत्पादों की जांच पड़ताल नहीं किए जाने के चलते मिलावटखोरों ने दूध में मिलावट के साथ-साथ नकली खोवा और पनीर का भी उत्पादन शुरू कर दिया है। यही कारण है कि मिलावट का ही असर है कि तीज-त्यौहारों से लेकर शादी के सीजन में भी शहर में कभी भी दूध उत्पादों की कोई कमी नहीं देखी जाती। मिलावटखोरों द्वारा शहर की मांग के अनुसार ही दूध उत्पादों में मिलावट कर उसकी सप्लाई की जा रही है। प्रशासन के निर्देश पर पनेका के रौनक इंटरप्राईजेस में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अफसरों द्वारा दी गई दबिश में पाम तेल और दूध पावडर से पनीर बनाए जाने का खुलासा होने के बाद भी शहरवासी भी सकते में आ गए हैं।



### मिलावटी दूध की पहचान

फ्लो टेस्ट (पानी की जांच) : दूध की एक बूंद को किसी चिकनी तिरछी सतह (जैसे स्टील की थाली) पर गिराएं। यदि दूध धीरे-धीरे बहता है और पीछे सफेद निशान (लकीर) छोड़ता है, तो वह शुद्ध है। यदि वह बिना निशान छोड़े तेजी से बह जाता है, तो उसमें पानी मिला है। झाग टेस्ट (डिटर्जेंट) : 5-10 मिली दूध को बराबर मात्रा में पानी के साथ मिलाकर जोर से हिलाएं। यदि गाढ़ा और देर तक टिकने वाला झाग बनता है, तो उसमें डिटर्जेंट या साबुन हो सकता है। स्वाद और गंध : शुद्ध दूध का स्वाद हल्का मीठा होता है। यदि दूध कड़वा लगे या उसमें रसायनों जैसी गंध आए, तो वह सिंथेटिक हो सकता है।

### शादी पार्टियों में सप्लाई

पनीर की सप्लाई शहर के दुकानों और शादी पार्टियों में बड़े पैमाने पर की जा रही थी। सूत्रों ने बताया कि पाम तेल और दूध पावडर से बनाया जा रहा पनीर सेहत के लिए काफी नुकसानदायक होता है। यही कारण है कि प्रशासन ने सैंपल लेने के बाद उसे तत्काल उसे गड्डे में डालकर नष्ट करा दिया है। नकली पनीर के खुलासे के बाद अब दूध और खोवा की जांच की भी मांग उठ रही है।

### मिलावटी खोवा (मावा) की पहचान

हथेली पर रगड़ना : थोड़ा सा खोवा हथेली पर रगड़े, असली खोवा होने पर हाथ में घी (चिकनाहट) महसूस होगी और दूध जैसी महक आएगी। नकली खोवा चिपचिपा महसूस हो सकता है। गरम पानी टेस्ट : खोए को गरम पानी में डालें, नकली खोवा (स्टार्च वाला) पानी में पूरी तरह घुल जाएगा और पानी को दूधिया बना देगा। जबकि असली खोवा टुकड़ों में बना रहता है और सतह पर हल्का तैलीय प्रभाव छोड़ता है। गोली बनाना : खोवे की एक छोटी गोली बनाएं। यदि गोली बिना फटे और चिकनी बनती है, तो वह शुद्ध है। दरारें आने पर वह मिलावटी हो सकता है।

### मिलावटखोरों पर होगी कड़ी कार्रवाई

दुग्ध सहित खाद्यान्न सामानों में मिलावट की जांच लगातार की जा रही है। मिलावटखोरों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

\- **जितेन्द्र यादव,** कलेक्टर

## शराब पीने के लिए पैसे की मांग, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब पीने के लिए पैसे की मांग करते गाली-गलौज कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी ने चौकी चिखली उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 16 दिसंबर को दोपहर लगभग 3 बजे शराब लेने के लिए चिखली शराब दुकान गया था। विजय यादव दारू व पैसा मांगने लगा। दारू नहीं देने पर अश्लील गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर उसके दारू का पौवा को ले लिया और उसी पौवा से मेरे सिर में मारकर चोंट पहुंचाया। रिपोर्ट पर चौकी चिखली में धारा 296, 115(2), 351(2), 119(1), 3(5) अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

इस मामले में पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम करेला थाना घुमका से घेराबंदी कर आरोपी विजय यादव 22 साल महादेव नगर गौरीनगर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया, जो घटना घटित करना स्वीकार स्वीकार किया। आरोपी के विरूद्ध प्राप्त साक्ष्य सबूत के आधार पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

## गुम बालिका बरामद, परिजनों को किया सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गुम बालिका की पतासाजी कर पुलिस ने अलमसगुडा हैदराबाद से बरामद किया। बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया द्वारा 24 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिक बालिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा माता-पिता के विधिपूर्ण संरक्षण से बहला-फुलसाकर भगा कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में गुम इंसान एवं धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक अंकिता द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते गुम बालिका की पतासाजी हेतु दिए मार्गदर्शन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन एवं पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर द्वारा गुम बालिका की पतासाजी हेतु प्रयास किया जा रहा था।

### परिजनों में खुशी की लहर

गुम बालिका के अलमसगुडा(हैदराबाद) में होने की सूचना प्राप्त होने उपरान्त थाना प्रभारी एमन साहू द्वारा वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराते वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर गुम बालिका की पतासाजी के संबंध में टीम गठित कर रवाना किया। गठित टीम द्वारा गुम बालिका को अलमसगुडा (हैदराबाद) से बरामद कर बालिका को उनके माता-पिता को सुपुर्दनामे पर दिया गया। बालिका के माता-पिता अपनी पुत्री को पाकर राजनांदगांव पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किए।

## छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का शुभारंभ आज

**राजनांदगांव।** रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित 5वीं रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का आज भव्य उद्घाटन समारोह राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। जिसमें प्रदेश एवं देश की नामचीन टीमें भाग ले रही है।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पांडे करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव की उपस्थिति भी मंच की गरिमा को बढ़ाएगी। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि पार्षद शिव वर्मा एवं सुनील साहू ने बताया कि उद्घाटन अवसर पर मनमोहक मार्च पास्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। पहला मैच जिला हॉकी संघ और कबीरधाम तथा लीग का उद्घाटन मुकाबला बिहार और खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव के मध्य खेला जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं गोल्ड मैडलिस्ट एनआईएस हॉकी कोच मृणाल चौबे ने बताया कि रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी की यह पहल छत्तीसगढ़ में हॉकी खेल को नई दिशा देने के साथ-साथ युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## नवरंग ग्रुप की वार्षिक सभा व खेल स्पर्धा आयोजित

**राजनांदगांव।** नवरंग ग्रुप राजनांदगांव एवं बर्फानी सेवाश्रम समिति के संयुक्त तत्वावधान में सदस्यों के लिए सत्र 2025 की वार्षिक कार्यक्रम व खेलकूद स्पर्धा संपन्न हुई। जिसमें प्रतिभागियों को विभिन्न स्पर्धा के पुरस्कार भी बांटे गए। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' का सम्मान भी किया गया।

बर्फानी सेवाश्रम समिति एवं नवरंग महिला ग्रुप द्वारा सत्र 2025 के अंतर्गत वार्षिक कार्यक्रम के तहत समिति के सदस्यों की आपसी चर्चा व आगामी वर्ष के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में नवरंग ग्रुप के सदस्यों द्वारा तिलक व अक्षत लगाकर सभी का सम्मान कर स्वागत गीत से कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात ठाकुर प्यारेलाल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला से सेवानिवृत्त हुए शिक्षक एवं बर्फानी सेवाश्रम समिति के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' का पुष्पगुच्छ से स्वागत कर शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।



तत्पश्चात नवरंग ग्रुप व बर्फानी सेवाश्रम समिति के सदस्यों के लिए विभिन्न खेल कौशल का आयोजन किया गया। नवरंग ग्रुप के सदस्यों के लिए क्वीज स्पर्धा के साथ ही बॉल से निशानेबाजी, गणित के अनसुलझे प्रश्नों के साथ ही फूल को कैच करने की स्पर्धा आयोजित की गई। जिसमें बॉल से निशानेबाजी में हिस्सा लेते सदस्यों ने एक के बाद एक 5 बालों से एक निर्धारित लक्ष्य पर निशाने लगाने का क्रम प्रारंभ किया। जिसमें आरती तिवारी, अर्चना खंडेलवाल, अल्पना महेन्द्र लुनिया, आरती गणेश शर्मा को पुरस्कृत किया गया। वहीं गणित के जोड़-घटाने के खेल में श्वेता जोशी, स्वाति परमार, संस्कृति शर्मा, अन्नू अग्रवाल पुरस्कृत हुई। वहीं सामान्य ज्ञान के क्वीज स्पर्धा में निवेदिता बैद, ममता जोशी, आरती तिवारी ने पुरस्कार प्राप्त किया। इसके पश्चात नवरंग ग्रुप द्वारा आगामी 2026 की कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

इस अवसर पर बर्फानी सेवाश्रम समिति के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महेन्द्र लुनिया, आलोक जोशी, नागेन्द्र तिवारी, बलविंदर सिंह भाटिया, मनीष स्वाति परमार, दामोदर अग्रवाल, संजय खंडेलवाल, निवेदिता बैद, डॉ. अल्पना लुनिया, अन्नू अग्रवाल, आरती शर्मा, ममता जोशी, अर्चना खंडेलवाल, स्वाति परमार, श्वेता जोशी व संस्कृति शर्मा ने आयोजित विभिन्न आयोजनों में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का आभार राजेश मारु ने व्यक्त किया।









## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन कैरियर मार्गदर्शन कोर्स पूर्ण



**कवर्धा।** शिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने छत्तीसगढ़ सरकार के समग्र शिक्षा अभियान एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कौशल सुधार कैरियर मार्गदर्शन एवं परामर्श ई-लर्निंग पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है। पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर उन्हें आधिकारिक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक कौशल से लैस करना है ताकि वे विद्यार्थियों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुरूप सही करियर चुनने में वैज्ञानिक ढंग से मार्गदर्शन कर सकें। यह कोर्स छात्रों के भविष्य निर्माण और उन्हें सही दिशा दिखाने में उपयोगी साबित होगा।

### राज्य युवा महोत्सव 23 से 25 दिसंबर तक

**कवर्धा।** न्यायधानी बिलासपुर में आगामी 23 से 25 दिसंबर तक राज्य युवा महोत्सव-2025 का आयोजन होगा। इसमें जिला स्तरीय युवा उत्सव के विजेता प्रतिभागी 14 विधाओं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। राज्य युवा महोत्सव के विजेता प्रतिभागी अगले वर्ष होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। छत्तीसगढ़ के युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों सेजोड़ेंगे।

### अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** हेमचंद यादव विवि दुर्ग ने प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस पद के लिए विज्ञापन जारी किया है। इस संबंध में हेमचंद यादव विश्व विद्यालय दुग्र प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसारी अभ्यर्थी 10 जनवरी तक अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन रजिस्ट्रार, हेमचंद यादव विश्व विद्यालय, रायपुर नाका, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001 के पते में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट से भेजा जाना है।

# कड़ाके की ठंड के बीच जिले के मिनी शिमला कहे जाने वाले चिल्फीघाटी में जमने लगी ओस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/चिल्फीघाटी

कड़ाके की ठंड के बीच जिले के मिनी शिमला कहे जाने वाले चिल्फीघाटी क्षेत्र में अब बर्फ के रूप में ओस की सफेद चादर देखने को मिल रही है। बताया जाता है कि बीते शुक्रवार की दरमियानीरात चिल्फीघाटी क्षेत्र का तापमान करीब 5-6 डिग्री के आसपास था। जिसके चलते रात के समय आसमान से गिरी ओस कड़ाके की ठंड में सुबह तक बर्फ में तब्दील हो गई। जिसके चलते शनिवार को सूर्योदय से पूर्व तक खेत, खलियानो, कच्चे घरों की छतों, पेड़ पौधों की टहनियों, पत्तों, पैरावट में जमी हुई ओस की सफेद परत नजर आने लगी। जिसे देखने बड़ी संख्या में आसपास के लोग तड़के चिल्फी क्षेत्र के अंदरूनी ईलाकों में पहुंचे थे। गौरतलब है कि इन दिनो समूचे जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सार्वाधिक स्थित जिले के वनांचल ईलाकों के लोगों की खराब है। यहां साधन विहीन बैगा आदिवासी इस कड़ाके की ठंड से राहत पाने अलाव का सहारा लेने मजबूर हैं।

### लुभा रहा चिल्फी का प्रकृतिक नजार

बढ़ती ठंड ने कवर्धा के मिनी शिमला चिल्फी घाटी के मौसम को और भी खुशनुमा बना दिया है। ठंड और प्राकृतिक नजारों का आनंद लेने के लिए पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। लोग खासतौर पर चिल्फीघाटी पहुंचकर ठंड का लुत्फ उठा रहे हैं। शनिवार सुबह आठ बजे तक घाटी में घना कोहरा और धुंध छाई रही, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई। सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है और दिन में भी वाहन चालक हेडलाइट जलाकर सफर कर रहे हैं।



### वनांचल ईलाकों में पड़ रही कड़ाके की ठंड

शहरी क्षेत्र कवर्धा में जहां न्यूनतम तापमान 11 से 12 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है, वहीं जिले के वनांचल इलाकों में ठंड और भी ज्यादा असर दिखा रही है। चिल्फी, रेंगाखार, बोकरखार, झलमला, दलदली और नेऊर जैसे क्षेत्रों में पारा गिरकर 5 से 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इसका असर खेत-खलिहानों और घास पर साफ नजर आ रहा है, जहां ओस की बूंदें बर्फ की चादर की तरह जमने लगी हैं। सुबह-सवेरे खेतों में काम करने वाले किसान और मजदूर ठंड से खासे परेशान नजर आ रहे हैं।

**दुर्घटना:** पाण्डातराई और स. लोहारा थाना क्षेत्र में सड़क हादसा

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो की गई जान, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ स.लोहारा/पाण्डातराई

जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शुक्रवार की रात हुए सड़क हादसों में दो मोटर सायकल सवार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है जिसे जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। घटना की सूचना के बाद दोनो ही थानो की पुलिस मर्ग कायम कर मामलों को विवेचना में लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सूरजपुरा और वीरेन्द्र नगर के बीच सूरजपुरा मोड़ के पास शुक्रवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवकुमार पटेल पिता कन्हैया पटेल, निवासी जरहा टोला के रूप में की गई है। बताया जाता है कि शिवकुमार पटेल अपने खेत के लिए दवाई लेने खमरिया गया था। दवाई लेकर आधी रात जब वह वापस लौट रहा था इसी दौरान सूरजपुरा मोड़ के पास वह सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया और हादसे में उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना स्थल में मौजूद लोगों के अनुसार शव मिट्टी पर पड़ा हुआ था और मृतक के चेहरे पर गंभीर चोट के निशान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे थे। शव के पास ही एक मोटर साइकिल भी पड़ी हुई मिली, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर सीजी 09 डी 6070 बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। दूसरे मामले में जिले के पांडातराई थाना क्षेत्र अंतर्गत खरहट्टा बंजारी चौक के पास शुक्रवार की ही रात में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके से गुजर रही पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने तत्काल अपना काफिला रुकवाकर घायल युवक को अस्पताल भिजवाया। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात तेज रफ्तार बाइक पर सवार दो युवक सड़क किनारे खड़ी ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली से पीछे से टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### भावना बोहरा ने घायल को पहुंचवाया अस्पताल






जानकारी के मुताबिक घटना के दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा का काफिला उसी रास्ते से गुजर रहा था। सड़क हादसा और घायल युवक को देखकर विधायक ने तुरंत काफिला रुकवाया। उन्होंने अपने स्टाफ को निर्देश दिए कि घायल युवक को बिना देरी किए अस्पताल पहुंचाया जाए। विधायक के निर्देश पर घायल को काफिले की गाड़ी से तत्काल नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पांडातराई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मृत युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सड़क हादसे की जांच की जा रही है।

# पांच वर्षीय बालिका से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी को 20 साल सश्रम कारवास की सजा

- पुलिस की अनुकरणीय कार्यवाही, 22 दिन में चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला कबीरधाम अंतर्गत महिला थाना कवर्धा में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 36/2025 धारा 137(2), 64(1), 65(2), 74 बीएनएस एवं 06 पॉक्सो एक्ट के संवेदनशील प्रकरण में विशेष न्यायालय (फास्ट ट्रैक), पॉक्सो कबीरधाम द्वारा आरोपी दशरथ लाल गुप्ता पिता स्व. नर्मदा प्रसाद गुप्ता निवासी वार्ड न. 14 गुप्ता पारा कवर्धा थाना कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.) को 20 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया गया है।

इस प्रकरण में पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य के मार्गदर्शन में कबीरधाम पुलिस द्वारा पूर्ण संवेदनशीलता, तत्परता एवं उच्च स्तरीय पेशेवर दक्षता का परिचय देते हुए कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के सतत पर्यवेक्षण तथा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आशीष शुक्ला के निर्देशन में प्रकरण की निरंतर मॉनिटरिंग की गई। प्रकरण में मात्र पांच वर्ष की नाबालिग बालिका के साथ किए गए यौन अपराध को दृष्टिगत रखते हुए पीड़ित पक्ष की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी गई तथा सभी वैधानिक प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन किया गया। महिला थाना प्रभारी भुनेश्वरी राठौर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा प्रकरण की विवेचना को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए सशक्त एवं वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन किया गया। घटना के 22 दिवस के भीतर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जो पुलिस की तत्परता, कर्तव्यनिष्ठा एवं प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सुदृढ़ विवेचना, प्रभावी अभियोजन समन्वय एवं समयबद्ध कार्यवाही के परिणामस्वरूप ट्रायल चालू होने के मात्र तीन माह की अवधि में माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्धि कर कठोरतम दंड का आदेश पारित किया गया। प्रकरण में महिला थाना टीम द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट कार्य, मेहनत, लगन एवं प्रोफेशनलिज्म को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम को इनाम देने की घोषणा की गई है। यह प्रकरण कबीरधाम पुलिस के लिए केवल एक अपराध का खुलासा नहीं, बल्कि नाबालिगों की सुरक्षा, समाज में विश्वास की स्थापना एवं अपराधियों के प्रति कठोर संदेश का प्रतीक है। कबीरधाम पुलिस यह स्पष्ट करती है कि बच्चों के विरुद्ध यौन अपराधों पर शून्य सहनशीलता की नीति के तहत त्वरित, निष्पक्ष एवं कठोर वैधानिक कार्यवाही सतत जारी रहेगी।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

थाना कवर्धा क्षेत्र अंतर्गत एक युवती द्वारा प्रस्तुत लिखित शिकायत पर कबीरधाम पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 534/2025 धारा 69 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर के पर्यवेक्षण में तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी वीरु साहू को गिरफ्तार किया गया है। शिकायत के अनुसार आरोपी द्वारा पीड़िता को विवाह का झूठा आश्वासन देकर गत




1 नवम्बर एवं 04 नवम्बर 2025 को कवर्धा स्थित एक हॉटल ले जाकर शरीरिक शोषण किया गया। बाद में आरोपी द्वारा विवाह से इंकार कर पीड़िता से संपर्क समाप्त कर दिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा घटना स्थल हॉटल का निरीक्षण फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) टीम के साथ किया गया है तथा आवश्यक वैज्ञानिक एवं भौतिक साक्ष्य संकलित किए गए हैं साथ ही हॉटल के संचालक से गेस्ट एंट्री रजिस्टर भी जप्त किया है। पीड़िता का कथन दर्ज कर लिया गया है एवं अन्य आवश्यक साक्ष्य संकलन की कार्यवाही जारी है। कबीरधाम पुलिस द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि प्रकरण में पीड़िता की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जा रही है तथा मामले की विवेचना संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ की जा रही है। आरोपी को रिमांड पर भेजने की तैयारी की जा रही है। कबीरधाम पुलिस महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई हेतु प्रतिबद्ध है।

### कर्मचारी संघ की आवश्यक बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की आवश्यक बैठक 21 दिसम्बर को जिला मुख्यालय कवर्धा में आयोजित की गई है।

इस संबंध में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप चन्द्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ की आवश्यक बैठक 21 दिसम्बर को दोपहर 1:30 बजे कर्मचारी भवन कवर्धा में आयोजित की गई है। जिसमें मुख्य रूप से संगठनात्मक चर्चा की जाएगी। श्री चन्द्रवंशी सभी कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों से बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित होने का आव्हान किया है। बैठक संबंधी सभी तैयारियां संघ द्वारा पूरी की जा रही है।

# ग्राम सगोना में दो मोटर सायकिलों की भिड़ंत, एक मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र के ग्राम सागोना में शनिवार की दोपहर दो मोटर सायकल के बीच जबरदस्त भिडंत की घटना सामने आई है। इस हादसे में दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए वहीं हादसे में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई तथा तीन लोग इस दुर्घटना में घायल बताए जा रहे हैं जिनमें दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने बताया कि लोखान गांव निवासी संतराम और स्वात राम एक ही बाइक पर सवार होकर मध्यप्रदेश की ओर अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश की ओर जा रहे एक अन्य बाइक से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना में मध्यप्रदेश निवासी एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ बाइक पर सवार एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं एक घायल का इलाज पंडरिया में जारी है।

**खिलाड़ियों का किया उत्साह वर्तन, बघेल का लोगों ने किया आत्मीय स्वागत**

# रेंगाखार प्रीमियर लीग के समापन समारोह में पहुंचे भूपेश बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम रेंगाखार पहुंचे। श्री बघेल यहां आदर्श समिति के तत्वाधान में आयोजित रेंगाखार प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए उनके साथ जिला पंचायत सदस्य कबीरधाम अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर ने भी शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को पुरस्कृत किया। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार फाइनल मुकाबला मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की टीमों के बीच खेला गया, जो अत्यंत रोमांचक और शानदार रहा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मध्य प्रदेश की टीम ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान छत्तीसगढ़ की टीम को मिला। मैच देखने के लिए मैदान के चारों ओर हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का जोरदार उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपने बीच पाकर दर्शकों का उत्साह और अधिक बढ़ गया उन्होने श्री बघेल का जोरदार और आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जहां विजेता टीम और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी वहीं उन्होने क्षेत्र के लोगों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से भी मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने विजेता तथा उप विजेता तथा अन्य खिलाडिय़ों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल, पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी वीरेंद्र जांगड़े, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा अगम अनंत, जिला महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, पूर्व सदस्य ओबीसी आयोग महेश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष सुमरन सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजहर खान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रभाती मरकाम, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष नारायण सिंह धुर्वे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललित धुर्वे, युवा कांग्रेस नेता मनीष शर्मा, प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस आकाश केसरवानी, तानसेन चौधरी, युवा कांग्रेस नेता सुधांशु बघेल, रोहित चंद्रवंशी, धनेश पाली, युवा नेता आंनद चंद्रवंशी, अमन वर्मा, मेहुल सत्यवंशी मानस धुर्वे, किरोत साहू, अमन चंद्राकर, लखन धुर्वे आयोजक एवं युवा कांग्रेस नेता विष्णु नेताम सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# लिमिट नहीं बढ़ने से ग्रामीण किसान परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम सुकली एवं रूसे धान खरीदी केंद्र के अंतर्गत ग्राम डोंगरिया, खुटा, देवगड़िया, भगतपुर, पीपरमाटी, धनेली, कापा, कारीमाटी, मोहतरा कला सहित आसपास के किसान धान खरीदी केन्द्र में धीमी रफ्तार से हो रही धान खरीदी के चलते परेशान है। बताया जाता है कि इन केन्द्रों में कलेक्टर के आदेश के बाद धान खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ाई गई है पुराने लिमिट में ही धान की खरीदी की जा रही है। किसानो के मुताबिक रुसे धान खरीदी केंद्र में अभी 745 क्विंटल प्रतिदिन धान की खरीदी की जा रही है जो बहुत ही कम है जबकि इस केन्द्र में पंजीकृत किसानो की संख्या अधिक है। किसानो ने केन्द्र में लिमिट बढ़ाए जाने की मांग की है।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/ अति.-कले./ 2025

बिलासपुर, दिनांक : 09.12.2025

श्री संदीप कुमार श्रीवास आत्मज श्री रामनारायण श्रीवास उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम मोढ़े पो.बेलसरी थाना व तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी प्रिया पंद्राम आत्मजा श्री संतोष पंद्राम उम्र 26 वर्ष निवासी राजमहल चौक कवर्धा थाना व तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा -5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया गया है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति /दावा इस कार्यालय में दिनांक 19-01-2026 को प्रात: 11.00 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



संदीप कुमार श्रीवास



कुमारी प्रिया पंद्राम

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)


हरिभूमि
रायपुर संस्करण के
24वें
स्थापना दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
एवं मनीराम साहू को
भाजपा प्रदेश कार्य
समिति सदस्य बनाए जाने पर
हार्दिक बधाई ...
हरिभूमि
24TH
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION
विनीत : भाजपा युवा मोर्चा कबीरधाम


हरिभूमि
24TH
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION
बधाई
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
रवि चन्द्रवंशी
जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस
कबीरधाम (छ.ग.)


हरिभूमि
24TH
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION
सत्य के सजग पहरी दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24वीं
स्थापना दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
:: विनीत ::
लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना
मर्यादित पण्डरिया जिला कबीरधाम, (छ.ग.)

## हादसा: कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन चालकों की लापरवाही

# अज्ञात ट्रक चालक ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, चालक गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏩बरबसपुर

कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों चालकों की भारी लापरवाह के कारण सड़क हादसे दिनों दिन बढ़ती जा है। वहीं तेज रफ्तार की कहर सड़क दुर्घटना के सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गत दिनों बुधवार की रात ग्राम राम्हेपुर कला चौक व भोरमदेव शक्कर कारखाना के बीच कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, बताया जाता है कि अज्ञात तेज रफ्तार ट्रक वाहन चालक गन्ना खाली कराने जा रहे ग्राम भेलवा-भंवर निवासी ग्रामीण किसान गन्ना खाली कराने के लिए रात में ट्रैक्टर-मुंडी लेकर कारखाना जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ।

ट्रैक्टर चालक (मुंडी) को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, इस भीषण टक्कर में ट्रैक्टर चालक हवा में उछलकर सड़क पर जा गिरा। जिससे ट्रैक्टर वाहन चालक गंभीर रूप से घायल व सिर पर गहरी चोटें आने से लहू-लुहान हो गया वहीं ट्रैक्टर (मुंडी) व तेज रफ्तार ट्रक के टक्कर से ट्रैक्टर चकना-चूर व क्षतिग्रस्त हो गया। इस भीषण सड़क घटना के बाद आसपास के लोगों की भारी भीड़ उमड़ गई। वहीं ग्रामीणों द्वारा 112 डॉयल कर एंबुलेंस बुलाई गई और घायल ट्रैक्टर चालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया साथ ही साथ तेज ट्रक वाहन चलक टक्कर के बाद मौके से फरार हो गया। वहीं पुलिस द्वारा अज्ञात ट्रक चालक की खोजबीन में जुट गई है।

### स्ट्रीट लाइट, सड़क किनारे सोल्डर और पुलिस निगरानी के अभाव सड़क हादसे का मुख्य कारण



स्थानीय लोगों का कहना है कि कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग पर 24 घंटे तेज रफ्तार व भारी वाहनो को आवागमन लगा रहा है साथ ही साथ सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट की कमी, सड़क किनारे सोल्डर की खराब स्थिति और पुलिस निगरानी के अभाव में प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों ने मांग की है कि नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार पर नियंत्रण के लिए पुलिस की स्थायी तैनाती की जाए व स्ट्रीट लाइट लगाई जाए तथा सड़क किनारे सोल्डर की नियमित सफाई कराई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों पर रोक लग सके। जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर ग्राम राम्हेपुर कला क्षेत्र में भोरमदेव शक्कर कारखाना संचालित है। इस समय गन्ना पेराई सीजन के चलते प्रतिदिन गन्ना से भरी 250 से 300 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां की आवाजाही हो रही है। वहीं अधिक गन्ना आने के कारण किसानों को शक्कर कारखाने के सामने से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लाइन लगानी पड़ती है, जिससे ट्रैक्टर खाली होने में एक से दो दिन तक का समय लग जाता है। इसी वजह से किसान ट्रैक्टर (मुंडी) लेकर दोबारा रात के समय कारखाने पहुंचते हैं, जिससे सड़क हादसों का खतरा बढ़ गया है।

# श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया पेंशनर्स डे




हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

जिला कबीरधाम के पेंशनरों ने बुधवार को कवर्धा स्थित शौर्य भवन में पेंशनर्स डे श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया। समारोह का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। सभी ने 17 दिसंबर 1982 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश डी एस नाकारा द्वारा दिए गए ऐतिहासिक फैसले को स्मरण करते हुए इस दिवस को पेंशनरों के अधिकारों का यादगार दिन बताया। कार्यक्रम में उपस्थित पेंशनरों ने शासन द्वारा पेंशनरों को महंगाई राहत नहीं दिए जाने तथा कोरोना काल से लंबित एरियर राशि का भुगतान नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की और शीघ्र निराकरण की मांग रखी। इस अवसर पर इंजीनियर एस एस जैन ने विगत वर्षों में पेंशनरों के लंबित आर्थिक लाभों के निराकरण के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त शिक्षकों, व्याख्याताओं एवं अन्य पेंशनरों के बैंक खातों में नाम की त्रुटि अथवा पेंशन प्रकरणों में शेष रह गई कमियों के समाधान में समिति द्वारा किए जा रहे सहयोग का उल्लेख किया। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि विगत कुछ वर्षो से जिले में पेंशनर संघ निष्क्रिय है, जिसके चलते कई पेंशनरों की समस्याएं लंबित हैं। इस संबंध में आश्वासन दिया गया कि संघ से संपर्क करने वाले सभी पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए समिति पूर्ण सहयोग करेगी। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 21 दिसंबर को दोपहर 1 बजे कर्मचारी भवन में जिले के समस्त पेंशनरों की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में पेंशनर संघ का पुनर्गठन कर उसे सक्रिय और सुचारु रूप से कार्यशील बनाने पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान जगदीश प्रसाद जायसवाल, श्याम सुंदर मिश्रा, गजानंद प्रसाद तिवारी, संतोष साहू, तरुण शेखर अवस्थी कन्हैयालाल चौधरी, प्रकाश कुमार गुप्ता, राजेश पांडेय, सुरेंद्र कुमार नवीन, मूलचंद देवांगन, राम प्रसाद यादव, जगत राम निषाद, संतोष कुमार मिश्रा, प्रताप चंद्रवंशी सहित अन्य पेंशनर्स उपस्थित थें।

# ग्रामीणों को जल्द मिलेगा जल जीवन मिशन योजना का लाभ

## मरम्मत, सुधार और शेष निर्माण कार्य जोरों पर



■ ग्रामीणों को जल्द शुद्ध पेयजल समस्या से मिलेगी राहत।

हरिभूमि न्यूज ⏩बरबसपुर

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द के ग्रामीणों को शीघ्र ही शुद्ध पेयजल नल जल जीवन मिशन का लाभ मिलेगा। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार घरों-घर नल से जल पहुंचाने की दिशा में ठेकेदार व जिम्मेदारों द्वारा मरम्मत व सुधार और शेष निर्माण कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम सारंगपुर खुर्द में जल जीवन मिशन के तहत लाखों रुपए की लागत राशि से विशाल पानी टंकी का निर्माण किया जा चुका है साथ ही साथ गांव में घरों-घर पाइप-लाइन बिछाकर नल कनेक्शन भी लगाए गए हैं, लेकिन वर्तमान में जहां-जहां पाइप लाइन में लीकेज या क्षति पाई गई है, वहां मरम्मत और सुधार कार्य तेजी से किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा नल जल आपूर्ति का ट्रायल भी शुरू कर दिया गया है। गांव की एक-दो गलियों में कार्य शेष है, जिसे शीघ्र पूरा किए जाने की बात कही जा रही है। वहीं पानी टंकी, बाउंड्रीवॉल तथा रंग-रोगन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिससे ग्रामीणों को जल्द ही घरों-घर शुद्ध और मीठा पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नल कनेक्शन से जुड़े अंतिम कार्यो को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। जिस पर ग्रामीणों द्वारा उम्मीद जताई जा रही है कि आगामी दिनों में जल जीवन मिशन अंतर्गत गांव के प्रत्येक घरों तक नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति शुरू हो जाएगी, जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से राहत मिलेगी।

# डड़सेना कलार समाज का भव्य पारिवारिक व मिलन समारोह कार्यक्रम 11 जनवरी को

■ युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का होगा आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

जिले में डड़सेना कलार समाज द्वारा 11 जनवरी 2026 को एक भव्य पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर युवक-युवती परिचय सम्मेलन के साथ-साथ प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, यह कार्यक्रम समाज के लिए एक सामाजिक उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। वहीं डड़सेना कलार समाज का सामाजिक बैठक आयोजित किया गया जिसमे सर्वसम्मति से एक होकर सभी स्वजाति ने निर्णय लिया।

डड़सेना कलार समाज कबीरधाम के जिला अध्यक्ष रूपेंद्र जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम एक दिवसीय होगा, जिसमें समाज के सभी सामाजिक बंधु सपरिवार उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस दिन को समाज द्वारा सामाजिक त्यौहार के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है, उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समाज के प्रत्येक परिवार से न्यूनतम 200 रुपए की सहयोग राशि निर्धारित की गई है। इस सहयोग से कार्यक्रम की व्यवस्थाएं एवं आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर समाज के लगभग 70 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं युवाओं को शिक्षा, खेल, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इससे समाज के युवाओं में प्रेरणा एवं उत्साह का संचार होगा। बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष अवधराम, खेलूराम, आत्माराम, सचिव श्रवण सिन्हा, कोषाध्यक्ष रोहित जायसवाल, संरक्षक गुलाब जायसवाल, कवर्धा परिक्षेत्र अध्यक्ष बद्री जायसवाल, बोड़ला परिक्षेत्र अध्यक्ष भूपत जायसवाल, कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रमुख शेखर जायसवाल, अमृत सिन्हा, दिवाकर डड़सेना, श्रीमती दिलेश्वरी, रामकुमार राहुल सिन्हा, लोकेश, थानेश्वर, दीपक भरत डॉ महेंद्र, संतोष, संजय मनोज दिनेश, प्रेमलाल आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



### अन्य जिलों एवं राज्यों से जुटेंगे सामाजिक बंधु

इस कार्यक्रम में कबीरधाम, बिलासपुर, बेमेतरा, मुंगेली केसीजी सहित छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों एवं अन्य प्रदेशों से भी स्वजातीय बंधु शामिल होंगे। आयोजन को लेकर समाज में व्यापक उत्साह देखने को मिल रहा है। डड़सेना कलार समाज के पदाधिकारियों ने समाज के सभी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने की अपील की है।







### एनसीडीसी रायपुर की कार्यशाला में सैकड़ों सहकारी सदस्यों को मिला योजनाओं का प्रशिक्षण



**हरिभूमि बरबसपुर।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 अंतर्गत राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) रायपुर द्वारा शनिवार को जिले में सहकारी समितियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले की प्राथमिक सहकारी समितियों, पैक्स, लघु वनोपज, दुग्ध, बुनकर एवं मत्स्य सहकारी समितियों के 100 से अधिक प्रबंधक, सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन तीन प्रमुख सत्रों के माध्यम से किया गया। इनमें सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की प्रमुख पहलों, एनसीडीसी की योजनाओं, क्रियाकलापों एवं वित्त पोषण व्यवस्था के साथ-साथ व्यवसाय विविधीकरण और नए प्रस्तावों के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक हरिशंकर जांगड़े, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक विनिता ध्रुव एवं सहकारी निरीक्षक किर्तन देवांगन द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को एनसीडीसी द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात एनसीडीसी रायपुर के युवा पेशेवर (विपणन) शुभम साहू द्वारा कार्यशाला में एनसीडीसी की भूमिका, अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के प्रभावी उपयोग तथा सहकारिता मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला के समापन सत्र में प्रभारी उप आयुक्त, सहकारी संस्थाएं कबीरधाम गौरी शंकर शर्मा ने सहकारी समितियों के प्रबंधकों एवं प्रतिनिधियों को उनकी समिति की संभावनाओं के अनुरूप एनसीडीसी की योजनाओं का लाभ उठाने एवं वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान एनसीडीसी रायपुर द्वारा सहकारिता मंत्रालय की पहलों एवं एनसीडीसी की योजनाओं से संबंधित पुस्तिकाओं का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मत्स्य, दुग्ध एवं अन्य सहकारी समितियों के प्रबंधक, सदस्य एवं अध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

